सुप्रभात
रांची, सोमवार
23.09.2024
** नगर संस्करण। पेज : 14
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 74




08 डिजिटली चुनाव प्रचार से प्रभावित होता है चुनाव परिणाम



# महिलाओं का सशक्तिकरण ही है कांग्रेस का सबसे पहला संकल्प : के. राजू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संयोजक के. राजू ने कहा है कि महिलाओं और युवतियों का सशक्तिकरण कांग्रेस का सबसे पहला संकल्प है और न केवल अभी बल्कि स्वतंत्रता के बाद से ही कांग्रेस ने अपनी इस प्रतिज्ञा को जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्थानीय निकायों में पर्याप्त आरक्षण देने के साथ ही सरकारी नौकरियों में महिलाओं का आरक्षण भी कांग्रेस की ही देन है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में हेमंत सोरेन सरकार द्वारा महिलाओं एवं युवतियों को झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत दी जा रही 1 हजार रुपए की सम्मान राशि बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इस रकम का प्रयोग महिलाएं सही ढ़ग से करे तो आनेवाले दिनों में उन्हे लाखों रुपये राशि बैंक से ऋण के रूप में मिल सकता है। के राजू रविवार को रांची के बजरा खक्सी टोली के जतरा मैदान में आयोजित मईया सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

के राजू ने कहा कि कभी आंध्र प्रदेश में जिलाधिकारी के रूप में अपनी सेवा देने के दौरान स्वयं सहायता समूह की शुरूआत की थी। उनहोंने झारखण्ड कांग्रेस नेतृत्व को निर्देश दिया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मईया सम्मेलन के आयोजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये जिसमें विशेष रूप से महिलाओं को सरकार की लाभकारी एवं सभी के लिये हितकारी नीतियों से परिचित कराया जाये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा के अपनी चुनावी घोषणा पत्र में नारी न्याय के तहत महिलाओं को स्वाबलंबी और सशक्त बनाने की पहल की थी और उन्हें साढ़े 8 हजार रुपए प्रति माह देने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने उसी रास्ते पर आगे बढ़ते हुए महिलाओं को सम्मान दिया है और आनेवाले समय में इस राशि में वृद्धि होगी एवं इसकी घोषणा कांग्रेस के मेनिफेस्टो में की जायेगी।

## हम किसी का अधिकार छीनते नहीं लेकिन अपना हक किसी को मारने भी नहीं देंगे : बंधु

पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा कि झारखण्ड के लोग विशेष रूप से, यहां के आदिवासी और मूलवासी किसी का भी अधिकार छीनने में यकीन नहीं रखते लेकिन यदि उनके हक को मारा गया तो वह ऐसा भी नहीं करने देंगे। इसके लिये वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी पक्षी की तरह झारखण्ड में उतरने वाले भाजपा नेता यहां की एकजुटता, सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक परंपरा और प्रकृति के प्रति प्यार को ध्वस्त करते हुए अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास कर रहे हैं जो कभी भी सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनायें जमीन पर तेजी से उतर रही है और इससे भाजपा नेताओं में बहुत ज्यादा छटपटाहट है। सत्ता में आने को आतुर भाजपाई छटपटाते हुए उल्टी-पुल्टी हरकतें कर रहे हैं, जो कभी सफल नहीं होगा।

समारोह का संचालन करते हुए झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी के सपने और उनकी योजना के अनुरूप महिलाओं एवं युवतियों को सशक्त बनाना कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससें पूरे समाज और राज्य-देश को मिलेगा। महिला सम्मेलन को प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह, यशस्विनी सहाय, दयामणि बारला, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, भीम कुमार, डॉ एम तौसीफ, झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू,सुंदरी तिर्की, शांति बाला, सीमा परवीन, रिंकू देवी, बेनी तिर्की, अमृता भगत, सीता लकड़ा, इंदिरा तुरी, रेणु तिर्की, शांतनु मिश्रा, मधु तिर्की, पुष्पा टेटे, राजेश लिंडा, बेलस तिर्की, मेरी तिर्की, मुचकुल सिद्दीकी सहित सहित अनेक कांग्रेसी नेताओं ने संबोधित किया।

आज के मईया सम्मेलन में विशेष रूप से राजधानी रांची के साथ ही रांची, मांडर, हटिया, काँके, खिजड़ी, कोलेबिरा, सिसई, गुमला तोरपा, खूंटी, मनिका, बिशुनपुर, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार और कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाओं ने भाग लिया।

## खबर एक नजर में

### 217 होमगार्ड्स के जवान की पासिंग आउट परेड संपन्न

**रांची।** धुर्वा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को 217 होमगार्ड्स की पासिंग आउट परेड आयोजित की गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट सीटीआई कौशिक कुमार ने किया। 63 दिवसीय इस प्रशिक्षण में शारीरिक और शस्त्र प्रशिक्षण शामिल था। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी होमगार्ड्स अजय लिंडा शामिल हुए। प्रशिक्षण की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि पहली बार महिला होमगार्ड्स को इंसास राइफल का प्रशिक्षण और फायरिंग कराई गयी। कई प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, कुछ ने इंसास और .303 राइफल में 10/10 का सटीक निशाना लगाया। पासिंग आउट परेड का नेतृत्व परेड कमांडर अपर्णा कुमारी ने किया। यह पासिंग आउट परेड राज्य के लिए गर्व का क्षण है, जो इन होमगार्ड्स की सेवा और सुरक्षा के प्रति तत्परता को दर्शाती है।

### सचिवालय सेवा संघ का 23 सितंबर से सामूहिक अवकाश स्थगित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ झारखंड सचिवालय सेवा संघ की हुई मुलाकात के बाद सचिवालय सेवा संघ ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत आगामी 23 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सामूहिक अवकाश को तत्काल स्थगित करने का निर्णय लिया है। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि राज्य के सीएम ने उनकी लंबित मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसलिए संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर तत्काल आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### घुसपैठियों को झामुमो ने बना लिया अपना स्लीपर : प्रतुल शाह देव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण झामुमो ने पिछले 5 वर्षों में झारखंड का बेड़ा गर्क करके रख दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता इस सरकार के भ्रष्टाचार लूट और कुशासन से त्रस्त हो गई है। इसलिये, भाजपा के परिवर्तन यात्रा को शानदार सफलता मिल रही है। जिससे झामुमो हकलान हो गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जनता को भाजपा की परिवर्तन यात्रा से एक आशा दिख रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने ऐसा प्रतीत होता है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपने स्लीपर सेल के रूप में बना कर रखा है। तभी इन घुसपैठियों को बचाने के लिए संथाल परगना के कई जिलों के उपायुक्त उच्च न्यायालय में एफिडेविट करके झूठ बोलते है। केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2021 में घुसपैठियों की सूची उपलब्ध कराने के बावजूद के बावजूद यह सरकार घुसपैठियों को निकालने के लिये कोई पहल नहीं की। सरकार के स्पेशल ब्रांच ने 2 जून, 2023 को पत्र लिखकर स्पष्ट किया था कि संथाल के मदरसों में बड़े पैमाने पर मुस्लिम घुसपैठियों के पहचान पत्र बनाने का कार्य चल रहा है। राज्य सरकार ने उस पत्र को तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण दबा दिया। उन्होंने कहा कि आजकल झामुमो की सरकार मइयां सम्मान की बात कर रही है। जिस प्रदेश में 7000 से ज्यादा बेटियों का बलात्कार हुआ, जिसमें एक तिहाई से ज्यादा बेटियां वंचित और शोषित समाज से आती हो एउस सरकार की रियलिटी चेक हो जाती है। इस सरकार के राजपाट में बहू बेटियां सुरक्षित नहीं है।

## दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का रंगारंग समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ नयी दिल्ली।** दिल्ली के भारत मण्डपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का रविवार को समापन हो गया। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखण्ड का इस वर्ष फोकस राज्य के फूड प्रोडक्ट की भूमिका पर आधारित था। झारखंड पवेलियन की साज सज्जा उद्योग विभाग द्वारा की गई थी पवेलियन में 13 बिक्री सह प्रदर्शनी स्टाल लगाए गए थे, जिसमें 3 स्टॉल झारखण्ड सरकार के विभाग अथवा उपक्रम शामिल थे। वहीं फूड कोर्ट में लगे झारखण्ड के फूड स्टॉल पर लोगों ने झारखण्ड के पारम्परिक व्यंजन का लुफ्त लिया। चार दिन चले इस आयोजन में सेमिनार, बी 2 जी सेशन, बी 2 बी सेशन उत्पाद बिक्री आदि प्रमुख रहे। इसमें 30 से अधिक कंपनियों ने झारखंड में प्रोसेसिंग इकाई में निवेश करने में इच्छा जताई।

मालूम हो कि इस वर्ष झारखण्ड उद्योग विभाग ने महिला सशक्तिकरण के पदवृद्धि के लिए

### झारखंड पवेलियन में दिखा महिला सशक्तिकरण का आधुनिक रूप

महिलाओं को अधिक स्थान दिया है। यही कारण है कि फूड प्रोसेसिंग उत्पाद से जुड़ी महिलाओं को भी इस राष्ट्रीय पटल पर स्थान प्राप्त हुआ। झारखण्ड के जमशेदपुर की मिलेटस आधारित उत्पाद की कम्पनी पॉली ऑर्गेनिक, रागी के लड्डू, नमकीन, आटा बनाने वाली कंपनी जोहर रागी, डेरी प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी नंदिनी गिर डेरी प्रोडक्ट, आर्गेनिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी आदि शामिल थीं। ओपन फील्ड, डीहाइड्रेट्ज फूड एंड वेजिटेबल और झारखण्ड सरकार का उपक्रम जेएसएलपीएस का पलाश आदि शामिल रहे।

जोहर रागी की उर्मिला ने बताया कि हमारे संस्थान में सभी महिलाएं ही हैं। हमारा 150 महिलाओं का संस्थान हैं, जो मिल कर अपना उत्पाद निर्मित कर बिक्री करते हैं। वर्ल्ड फूड इंडिया में आकर हमें बेहद खुश है।

# परिवर्तन किये बगैर झारखंड का विकास संभव नहीं : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने डाल्टनगंज विधानसभा के भंडारिया में परिवर्तन सभा को किया संबोधित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/डाल्टेनगंज।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि परिवर्त्तन किये बगैर झारखंड का विकास संभव नहीं है। श्री मरांडी रविवार को डाल्टनगंज विधानसभा के भंडारिया में परिवर्तन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास कांग्रेस, राजद और झामुमो ने रोक रखा है। इसका नेतृत्व हेमंत सोरेन कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि इन लोगों को बदले। परिवर्तन करें और झारखंड में भाजपा की सरकार बनायें। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के लिये लोग बरसों से आंदोलन कर रहे थे। कभी जयपाल सिंह के नेतृत्व में कभी शिबू सोरेन के नेतृत्व में आंदोलन चला। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के लोगों की भावनाओं का कभी ख्याल नहीं किया।

कांग्रेस ने पैसा देकर झारखंड आंदोलन को खरीद लिया। आंदोलन करने वाले को लोग पैसे पर बिक गये। झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार होने पर झारखंड का विकास तेजी से होगा। भाजपा की सरकार बनने पर गांव-गांव तक सड़कें बन गयी। उन्होंने कहा कि पहले गांव के लोगों ने बिजली भी नहीं देखा थे। कांग्रेस पार्टी ने इस देश में 55 वर्षों तक राज किया। लेकिन कभी भी गांवों में बिजली पहुंचाने की चिंता नहीं की। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने पर गांव-गांव में बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम खाई थी और कहा था कि हर साल 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे। यह भी कहा था कि 5 लाख नौकरी नहीं देने पर राजनीतिक से संन्यास ले लेंगे। जो अपने पिता की कसम खाकर वादे को पूरा नहीं करते हैं। उन्हें आम लोगों को ठगने में कितना देर लगेगी।

## 24 एएसआई को मिली सब इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति व दूसरे जिले हुई पोस्टिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के 24 एएसआई को सब इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति दे दी गयी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब है कि एएसआई से सब इंस्पेक्टर में प्रोन्नति के लिए बोर्ड की बैठक 13 और 14 दिसंबर 2023 को लंबित श्रेणी में रखे एएसआई का क्षेत्रीय चयन पर्षद से प्राप्त पूरक मनोनयन के आधार पर 27 अगस्त 2024 को बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें योग्य घोषित एएसआई को सब इंस्पेक्टर में प्रोन्नति दिया गया और दूसरे जिला में पदस्थापित किया गया।

### इन 24 एएसआई को मिली प्रोन्नति और दूसरे जिला में किया गया पदस्थापित

| | |
|---|---|
| कृष्ण कुमार सिंहः कोडरमा | अमरजीत भारद्वाजः गिरिडीह |
| उपेंद्र कुमार सिंहः लोहरदगा | सुनील आजादः जमशेदपुर |
| विनय कुमारः रांची | बबन कुमारः गुमला |
| रामाधार सिंहः गोड्डा | सुरजीत महतोः गोड्डा |
| अखिलेश सिंहः साहेबगंज | पुरुषोत्तम सिंहः रांची |
| कविंद्र मिश्राः पाकुड़ | चंद्रिका रामः गिरिडीह |
| मुकेश कुमारः लोहरदगा | नोबेल एक्काः सराइकेला |
| शिवनंदन यादवः साहेबगंज | परमेश्वर टोप्पोः गोड्डा |
| महेंद्र कुमारः जामताड़ा | रोशन मिंजः धनबाद |
| शंभू कुमारः गढ़वा | मंगल भगतः रांची |
| अजीत कुमार सिंहः सिमडेगा | जयराम भगतः सिमडेगा |
| महबूब आलमः बोकारो | विनोद टोप्पोः धनबा। |

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा ढकोसला : शशि भूषण राय

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह परिवर्तन यात्रा एक बहुत बड़ा ढकोसला है जिसे जनता पूरी तरह से नकारदेगी। झारखंड भाजपा अपने कार्यकताओं को तवज्जो ना देकर दूसरे दल से आए नेताओं के भरोसे आगामी विधानसभा चुनाव लड़ रही है, जिसका खामियाजा उन्हें बुरी तरह भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए जनहित कार्यों को देख रही है एवं किस तरह से पूरे 5 साल भाजपा ने चुनी हुई सरकार को परेशान किया यह भी देख रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। आने वाले समय में राज्य के अंदर पुनः महागठबंधन की सरकार बनेगी। श्री राय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के संवाद कार्यक्रम को अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है, सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा ले रहे हैं। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर कहा जा सकता है कि राज्य में पुनः हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार के द्वारा किए गए जनहित कार्य का लाभ जनता को मिल रहा हैं, चाहे वह माईया योजना हो या 200 यूनिट बिजली माफ करने का फैसला हो। यह सारे फैसले से जनता में काफी सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे जनता हमें पुनः आशीर्वाद देगी।

### झारखंड निर्माण मजदुर युनियन संघ की सभा

**रांची।** झारखंड निर्माण मजदुर युनियन संघ की सभा रविवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगदीश दास नें बालु की किलत पर चिंता वयक्त की गई। उन्होंने कहा कि बंगलादेश के किमगारो के कारण भी लोकल मजदूरों को रोजगार नही मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार से मांगा किया कि सरकार मजदूरो को रोजगार उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम में भाजपा रांची महानगर के महामंत्री बलराम सिंह, महिला नेत्रि सीमा रॉय, महानगर अध्यक्ष युवराज पसवान , मंडल अध्यक्ष रामलगन राम आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उपेन्द्र रजक व धन्यवाद ज्ञापन सचिव अमित कुमार पंडित ने किया।

# केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम आज सुबह 9 बजे आयेगी रांची

### चुनाव आयुक्त की आज होगी मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की आहट सुनायी देने लगी है। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होने के साथ-साथ आचार संहिता भी जल्द ही लागू होने वाला है। इसे लेकर चुनाव आयोग की तैयारी शुरू हो गई है। यही कारण है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने सोमवार की सुबह 9 बजे दो दिनों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची आएगी। दो दिनों तक चलने वाले इस दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे। आयोग टीम सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ शाम पांच बजे से बैठक करेगी। इससे पहले आयोग की टीम सोमवार की सुबह 11 बजे से राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगी। इसके बाद दोपहर के दो बजे आयोग की टीम इन्फोर्समेंट एजेंसियों से जुड़े 21 विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगी। फिर आयोग की टीम मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल ऑफिसर के साथ दोपहर 3.30 बजे बैठक करेगी।

**24 को आईजी, डीआईजी और डीसी-एसपी के साथ बैठक :** केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम 24 सितंबर को जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी प्रमंडलीय आयुक्त और जिले के एसपी और डीसी के साथ बैठक करेगी। यह बैठक सुबह के 9 बजे से शुरू होकर दोपहर के दो बजे तक होगी।

## झारखंड तैलिक साहू सभा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक सह सम्मान समारोह

**रांची।** झारखंड तैलिक साहू सभा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक सह सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड तैलिक साहू सभा अपनी राजनीतिक दशा एवं दिशा पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में सभी 24 जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,महासचिव ,सचिव एवं कार्य समिति के सदस्य सहित अग्रिम पंक्ति के प्रमुख नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्य समिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के भाजपा विधायक डॉक्टर खिलावन साहू , पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय तैलिक साहू सभा के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सीयाराम साहू , झारखंड के प्रभारी मुकेश नंदन , मुख्य संरक्षक विजय साहू सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखें।

# कोल्हान में विभिषण की भूमिका में रहेंगें चंपई सोरेन झामुमो कोल्हान पर रखना चाहता है दबदबा बरकरार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो से चंपाई सोरेन के हटने के बाद और बीजेपी में शामिल होने के बाद विधानसभा चुनाव में कोल्हान पर झामुमो दबदबा बनाये रखने की कोशिश करेगी। वहीं, चंपाई झामुमो व महागठबंधन के लिये कोल्हान में विभिषण की भूमिका निभायेंगें। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोल्हान की राजनीतिक और सांगठनिक तौर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच सक्रियता बढ़ा दी है।



**कोल्हान में झामुमो का रहा है दबदबा :** 2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान में झामुमो और महागठबंधन का दबदबा रहा था। इस चुनाव में झामुमो के खाते में 11 और महागठबंधन के खाते में दो सीटें आई थीं। एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार सरयू राय ने जीती थी। भारतीय जनता पार्टी का वहां खाता भी नहीं खुला था, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री और जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा उम्मीदवार रघुवर दास भी अपनी सीट नहीं बचा पाए थे। सरयू राय ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर रघुवर दास को हराया था।

### जेएमएम भर रहा है कार्यकर्ताओं में जोश

हेमंत सोरेन और जेएमएम के नेता, मंत्री रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ के साथ ही सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी की मौजूदगी में सभी पार्टी पदाधिकारियों वह कार्यकर्ताओं में जोश भरा जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को हाल के दिनों में बैठक की, बैठक में यह कहकर जोश भरा कि किसी के आने-जाने से कुछ नहीं होता, बल्कि हमारी असली ताकत आप लोग हैं, जो चुनाव के हर चरण में बूथ से लेकर चौकी तक अपनी भूमिका निभाते हैं। झामुमो प्रवक्ता की ओर से बयान जारी किया है कि इस बार भी पूरे कोल्हान में इस बार भी भाजपा का खाता नहीं खुलेगा और इंडिया ब्लॉक के अंतर्गत महागठबंधन परफेक्ट-14 यानी सभी चौदह विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज आयेंगे रांची लातेहार से पार्टी का करेंगे चुनावी शंखनाद

खबर मन्त्र रांची

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान 23 सितंबर सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। रांची एयरपोर्ट पर पार्टी के कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद श्री पासवान एयरपोर्ट से सीधे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रधान के निजी कार्यालय कृष्णा एन्क्लेव, नार्थ ऑफिस पाड़ा में पार्टी के पदाधिकारियों संग चुनावी मंत्रणा करेंगे। इसके बाद जमुई के सांसद सह झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी



अरुण भारती और सह प्रभारी एवं सांसद राजेश वर्मा के साथ सड़क मार्ग से वे लातेहार रवाना होंगे। श्री पासवान लातेहार के जिला खेल स्टेडियम में पार्टी के जनहुंकार रैली को संबोधित करते हुए झारखंड में चुनावी बिगुल फूंकेंगे। लातेहार की रैली के बाद पासवान लोजपा-भाजपा द्वारा पलामू के लेस्लीगंज स्थित नीलाम्बर-पितांबरपुर में बाबा चौहरमल एवं पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान की मूर्ति का अनावरण करेंगे। साथ ही वे आमसभा को संबोधित भी करेंगे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रधान ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में प्रदेश में विधानसभा का चुनाव होना है। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष का झारखण्ड में कार्यक्रम होने से पार्टी कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा और पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर काफी गंभीर है। इसी को लेकर पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी लगातार झारखण्ड के दौरे पर हैं। अभी पिछले महीने ही पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं प्रदेश भर के कार्यकताओं का भी महाजुटान राजधानी रांची में हुआ था। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी शामिल हुए थे और कार्यकताओं को संबोधित भी किया था।

सुप्रभात

रांची, सोमवार

23.09.2024

नगर संस्करण। पेज : 14

khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 74





08 डिजिटली चुनाव प्रचार से प्रभावित होता है चुनाव परिणाम




सुप्रभात
सोमवार 23.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 156
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# परिवर्तन यात्रा के जरिए भाजपा की 'धनबाद डिवीजन' पर विशेष नजर

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र**

- भाजपा के इस डिवीजन में शामिल है धनबाद, गिरिडीह एवं बोकारो
- 700 किमी की दूरी तय करेगी यात्रा
- 14 विधान सभा क्षेत्र से गुजरेगी यात्रा
- 18 स्थानों पर रोड शो, 17 स्थानों पर सभा

**धनबाद।** आसन्न विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा की धनबाद प्रमंडल पर विशेष नजर है। यूं तो झारखंड में चार प्रमंडल हैं लेकिन सांगठनिक दृष्टि से भाजपा ने सूबे को छह प्रमंडलों में बांटा है। धनबाद प्रमंडल में गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिला शामिल है। पार्टी ने सर्वप्रथम चुनावी शंखनाद के लिए धनबाद प्रमंडल को ही चुना और गृह मंत्री अमित शाह ने परिवर्तन यात्रा के जरिए चुनाव का जयघोष किया।

यूं तो परिवर्तन यात्रा का कार्यक्रम पूरे झारखंड में है। मार्गों का निर्धारण इस तरीके से किया गया है कि अधिसंख्य विधान सभा क्षेत्र को टच कर लिया जाए। धनबाद डिवीजन में 20 सितम्बर से शुरू हुई परिवर्तन यात्रा का समापन 26 सितम्बर को बड़ी सभा के साथ होगा। गिरिडीह जिले के जमुआ से शुरू हुई परिवर्तन यात्रा प्रमंडल के तीनों जिले के 30 प्रखंडों में विस्तृत 14 विधान सभा क्षेत्रों से गुजरेगी। लगभग 700 किमी की दूरी तय करने वाली यात्रा में 18 स्थानों पर रोड शो और 17 स्थानों में सभा का कार्यक्रम है। पूरे धनबाद डिविजन में सभा का कार्यक्रम जो निर्धारित किया गया है



उनमें झारखंडधाम, गिरिडीह, गांडेय, टुंडी, धनवार, तीसरी, मैथन, सिंदरी, बलियापुर, बोकारो, जैनामोड़, पेटरवार, कसमार, गोमिया, फुसरो, चंदनकियारी और धनबाद प्रमुख है। इसमें उलटफेर भी संभावित है।

भाजपा के सांगठनिक धनबाद प्रमंडल में देश के एक दर्जन से अधिक चर्चित नेताओं को उतरने से स्पष्ट होता कि भाजपा की इस डिविजन के अंतर्गत आने वाले विधान सभा क्षेत्र पर खास नजर है। जिन नेताओं का कार्यक्रम है, जो कोलबेल्ट की धरती पर उतरने वाले हैं उन हस्तियों में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, यूपी के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, जमुई की विधायक श्रेयसी सिंह, यात्रा के प्रदेश संयोजक दीपक प्रकाश, पार्टी के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, सीता सोरेन के अलावा इलाके के सांसद के नाम शामिल हैं। 23 सितंबर को निरसा पहुंच रही यात्रा को शुभेंदु अधिकारी और सांसद विद्युत वरण महतो संबोधित करेंगे। इसी प्रकार 24 को सिंदरी में केंद्रीय मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं बोकारो में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान का कार्यक्रम है। 25 को गोमिया और फुसरो में फायर ब्रांड नेता और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ गरजेंगे। 26 को महुदा, केंदुआ कतरास में रोड शो होगा और बैंक मोड़ से बाइक रैली निकलेगी। नेताओं का कार्यक्रम संबंधित विधान सभा क्षेत्र के सामाजिक समीकरण को देखते हुए निर्धारित किया गया बताया जाता है।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा के संभावित उम्मीदवार ग्रामीणों से मिले, समस्याएं सुनी



**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड अंतर्गत लटानी बाजार निवासी भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष व टुंडी विधानसभा क्षेत्र से संभावित भाजपा प्रत्याशी महादेव कुमार रविवार को कई गांवों के लोगों से मिले। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। बताते चलें कि श्री कुमार भाजपा से वर्ष 2001 से जुड़े हैं। 2024 में उन्हें दोबारा भाजपा ओबीसी मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनाया गया है। रायशुमारी में उनका नाम आने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी का इजहार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि टुंडी सीट से अगर स्थानीय भाजपा नेता को चुनाव का टिकट दिया जाता है तो जीत निश्चित है।

### परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए भाजपा ने की बैठक

**जोड़ापोखर।** परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए डिगवाडीह ब्लूलाइन में भाजपा भागा मंडल के अध्यक्ष बचा गिरि की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रभारी नरेंद्र त्रिवेदी भी मौजूद थे। जिला अध्यक्ष श्रवण राय, मंत्री राज किशोर जौना, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र यादव, स्वरुप भट्टाचार्य, आईटी प्रभारी शिवांश श्रीवास्तव आदि नेताओं ने कहा कि झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए परिवर्तन यात्रा की जा रही है। यात्रा की तैयारी के लिए बैठक की जा रही है। बैठक में दाल गोविंद महतो, अनिल शर्मा, राहुल सिंह, रीता चौधरी, नीलू सिंह, विकास प्रसाद, तारकेश्वर तिवारी, नगीना पासवान, राजू गिरी, अमित पासवान, रूपेश पासवान, सोनू कुमार कालिंदी, हरि प्रिया, विशाल महापात्रा, कंचन सिंह, अर्जुन रजक, ओमप्रकाश रजवार, मनोज प्रसाद, सुनील तिवारी, अमित पासवान, गिरिधरी अग्रवाल, सुनील तिवारी, समरेंद्र सिंह, तंवर आलम मौजूद थे।

### पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने किया फुटबॉल मैच का उद्घाटन

**कुमारधुबी।** टाइगर क्लब ने आज रविवार को फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने किया। आयोजकों ने पूर्व विधायक और उनके साथ आए तमाम अतिथिगणों को फूल माला एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। श्री चटर्जी ने रिबन काटकर और सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। मौके पर अजय पासवान, संतु चटर्जी, श्यामापद बाउरी, बापी गोप, बलय बाउरी, तारक मंडल, प्रदीप बाउरी, सटीक मंडल, वैभव बाउरी, दीपक मल्लिक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रामपुर मोड़ स्टार क्लब ने जीता फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब

**गोविंदपुर।** भितिया स्पोर्ट्स क्लब द्वारा फुटबॉल मैदान में 30वीं दिवा रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब रामपुर मोड़ स्टार क्लब ने जीत लिया। स्टार क्लब ने ग्रेड होटल भीतिया की टीम को 2-0 से पराजित कर दिया। इसके पूर्व सेमीफाइनल में एमएस क्लब मयूरनाचना एवं नाज नर्सिंग होम की टीम पहुंची थी। इस प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि व्यवसायी पारस सिंह ने विजेता टीम को पल्सर मोटरसाइकिल एवं कप तथा विशिष्ट अतिथि 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी ने उपविजेता टीम को ग्लैमर मोटरसाइकिल एवं कप देकर सम्मानित किया। झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह एवं जिला संगठन सचिव एजाज अहमद ने खिलाड़ियों को सम्मान प्रदान किया। इस दिवारात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता में सारथी मंडल, अध्यक्ष अनवर अंसारी, सचिव मोइन अंसारी, नासिर अंसारी, जाकिर अंसारी, सफाजुद्दीन अंसारी, अजय मालाकार समेत भितिया के सभी युवकों का योगदान रहा।

## जामताड़ा में आजसू की झारखंड नवनिर्माण संकल्प यात्रा शुरू

# पिता-पुत्र के 35 वर्षों के कुशासन को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है : तरुण गुप्ता

- आम लोग तो दूर, मंत्री की मां को भी नहीं मिलता ऑक्सीजन : नजरुल हसन हाशमी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के मुरलीपहाड़ी में रविवार को आजसू की झारखंड नवनिर्माण संकल्प यात्रा शुरू हुई। प्रथम दिन की संकल्प यात्रा मुरलीपहाड़ी से आरंभ होकर पांडेयडीह, नारायणपुर होते हुए बांकुडीह में समाप्त हुई। दूसरे व तीसरे दिन संकल्प यात्रा जामताड़ा और मिहिजाम में होगी।

मुरलीपहाड़ी की जन सभा में आजसू के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नजरूल हसन हाशमी ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार जाने वाली है और एनडीए की सरकार आने वाली है। उन्होंने कहा कि मंत्री डॉ इरफान अंसारी की मां की तबीयत खराब हुई तो आक्सीजन नहीं मिला। जब मंत्री के परिवार का यह हाल है तो आम जनता का क्या होगा। अंसारी परिवार ने जामताड़ा विधान सभा क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे ढकेलने का कार्य किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव तरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से जन जन तक जाएंगे। सरकार की नाकामियों को बताएंगे तथा सेवा का अवसर देने का आग्रह करेंगे। प्रदेश की जनता बड़ी ही उम्मीद के साथ आजसू की ओर देख रही है। राज्य में हर जगह अफसरशाही हावी है, लोग परेशान हैं। जामताड़ा में 35 वर्षों तक बाप बेटे ने राज किया। अब इनको उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो राज्य की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश महतो, कार्यकारी जिला अध्यक्ष निभाई सेन, माने बेसरा, सोशल मीडिया प्रभारी मिथुन कुमार मंडल, प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी, जितेंद्र मंडल, कौशल पंडित, अनवर सौदागर आदि मौजूद थे।

## मंत्री इरफान अंसारी ने किया 4.2 किमी लंबी सड़क का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गंदलीपहाड़ी चिरूडीह भाया बांकुडीह तक 4.2 किमी लंबी सड़क का शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। वर्षों से चली आ रही मांग को पूरा करना मेरे लिए गर्व की बात है। आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ चुका है। लोग विकास का अनुभव कर रहे हैं। कहा कि उनकी सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी और मूलवासी के विकास और उनकी पहचान बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु मंडल, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बीरबल अंसारी, कमरूद्दीन अंसारी, लालू अंसारी, मुखिया जोसेफ मुर्मू, सफरुद्दीन अंसारी, मुस्तफा अंसारी आदि मौजूद थे।

## बैजना कोलियरी में माइनिंग सरदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मैथन।** मुगमा ईसीएल क्षेत्र की बैजना कोलियरी में माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत प्रमोद कुमार ने रविवार को सुबह करीब 9 बजे घर की छत में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या क्यों की, यह रहस्य बना हुआ है। बताया जाता है कि वह रात्रि पाली का काम निपटा कर सुबह घर लौटे तथा पत्नी को कमरे में बंद कर खुद फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पत्नी ने दरवाजा नहीं खुलने पर शोर मचाया तो लोग पहुंचे तो देखा कि प्रमोद प्लास्टिक की रस्सी, जो कि पहले से झूला के लिए लगा हुआ था, उसमें गमछा बांध कर लटका हुआ है। लोगों ने पहले कमरे का दरवाजा खोला और उसे उतारा तथा इसीएल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही निरसा पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृतक के पिता जवाहर सिंह एवं भाई प्रभाकर कुमार का कहना है कि उसकी मौत के पीछे ससुराल वालों का हाथ है। वे लोग हम लोगों के साथ कोई संपर्क नहीं रखने का हमेशा दबाब बनाते थे। इनमोसा के सचिव सुशील कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है।

## मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया ओम बोस्को रेल कारखाना के समक्ष प्रदर्शन

- फैक्ट्री में स्थानीय युवाओं को काम देने की मांग, गार्ड ने नहीं जाने दिया अंदर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड के गोपीनाथपुर पंचायत के मुखिया वंदना देवी के नेतृत्व में लोग रविवार को स्थानीय युवाओं को रोजगार, मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी और सीएसआर के तहत पानी व सड़क की मरम्मत की पांच सूत्री मांगों को लेकर ओम बोस्को रेल फैक्ट्री पहुंचे। ग्रामीण मांगपत्र फैक्ट्री प्रबंधन को देना चाहते थे, लेकिन गार्ड ने अंदर जाने नहीं दिया, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गये और फैक्ट्री के गेट के सामने ही प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि ओम बोस्को रेल फैक्ट्री के पांच सौ मीटर के दूरी पर चपरासी धौड़ा, गोपीनाथपुर और भालुकसुंधा बस्ती बसी हुई है। बावजूद फैक्ट्री में स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। यहां के युवाओं को काम करने बाहर दिल्ली और चेन्नई जाना पड़ रहा है।

फैक्ट्री की ओवर लोडिंग गाड़ियां हमारे रोड से होकर गुजरती हैं। यदि रोजगार नहीं मिला, तो आस-पास के ग्रामीण अनिश्चितकाल के लिए धरना-प्रदर्शन पर बैठ जाएंगे। फैक्ट्री की गाड़ियों को हमारे रोड से होकर गुजरने नहीं दिया जाएगा।

लगभग तीन घंटे प्रदर्शन के बाद निरसा पुलिस पहुंची और फैक्ट्री के अंदर जाकर वस्तुस्थिति को जाना। निरसा पुलिस ने फैक्ट्री से बाहर निकल कर मुखिया सहित अन्य ग्रामीणों को समझाया और बताया कि रविवार होने के कारण फैक्ट्री के महाप्रबंधक नहीं हैं।

## एक नजर में

### जल्द दूर होगी मोदीडीह कोल डंप के मजदूरों की समस्या : ढुल्लू महतो




**कतरास।** सिजुआ स्टेडियम में रविवार को मजदूर सम्मेलन सह स्वागत समारोह में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि मोदीडीह कोल डंप में मजदूरों की समस्या को दूर करने के लिए वह कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों की रोजी रोजगार के लिए आंदोलन करना पड़े तो वह पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने जल्द ही मोदीडीह के मजदूरों की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। सिजुआ में पानी की समस्या पर कहा कि जलापूर्ति की पाइप दो नंबर कोयला का काम करने वाले लोग उठाकर ले जा रहे हैं। मजदूरों का हक मारने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने एक स्थानीय नेता का नाम लेते हुए कहा कि वह मजदूरों का शोषण करने में लगे हैं। सम्मेलन में गोलू सिंह, प्रीतम कुमार, छोटू रवानी, मोहन लाल नोनियां, सुंदर चौहान शंकर रविदास, महावीर पासी, जलाल अंसारी आदि मौजूद थे।

### विद्युत साउंड एंड डीजे डेकोरेटर संघ के वार्षिक अधिवेशन में सांसद से आवश्यक सेवाओं में शामिल करने की मांग

**धनबाद।** जिला विद्युत साउण्ड एंड डीजे डेकोरेटर संघ का 14वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को न्यू टाउन हॉल में संपन्न हो गया। सांसद ढुल्लू महतो ने दीप जला कर अधिवेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने संगठन के कार्यो की सराहना की तथा जरूरत पड़ने पर हरसंभव मदद करने की बात कही। संगठन के लोगों ने सांसद को अपनी परेशानियों से अवगत कराया। उनका कहना था कि जनरेटर व डेकोरेशन गाड़ी को आवश्यक सेवाओं में शामिल किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा बिना रोक टोक इसे आने जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। त्योहारों में साउंड सिस्टम को बिना सूचना के रोक दिया जाता है। कहा गया कि संगठन में कुल 1500 सदस्य हैं, जिनमें उनके परिवार के साथ कारिगर भी शामिल हैं। आपात स्थिति में उनके लिए एबुंलेंस सेवा उपलब्ध कराने की मांग की गई। सांसद ने मांगों पर विचार करने की बात कही। इसके अलावा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 150 सदस्यों ने रक्तदान किया। संग्रह रक्त को एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक को दिया गया। दुर्गा पूजा के बाद सदस्यों के साथ उनके पूरे परिवार का दुर्घटना बीमा कराने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन में दिल्ली से आए ऑल इंडिया चेयरमैन बिरेन्द्र बबर और कोलकाता से आये गिरिश मेहता भी मौजूद थे। जिले की 17 शाखाओं के सभी पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद थे।

### सिंदरी चेम्बर बकाया भाड़ा पर 10 फीसदी पेनाल्टी से नाराज, सांसद को समस्या से कराया अवगत

**सिंदरी।** सिंदरी बाजार में धनबाद नगर निगम की दुकानों के बकाया भाड़ा पर निगम द्वारा 10 प्रतिशत पेनाल्टी लगाए जाने से दुकानदारों में नाराजगी है। सिंदरी चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल रविवार को धनबाद के सांसद ढल्लू महतो से मिला और उन्हें समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिंदरी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने किया। उन्होंने बताया कि सांसद ने नगर आयुक्त रविराज शर्मा से पेनाल्टी पर रोक लगाने का आग्रह किया। उन्होंने नगर आयुक्त को आश्वस्त किया कि छोटे दुकानदार अपना बकाया भाड़ा जमा कर उसे नियमित करा देंगे। अध्यक्ष ने बताया कि नगर आयुक्त ने इस मामले पर विचार करने की बात कही है। उन्होंने सिंदरी में निगम के दुकानदारों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा बकाया राशि अविलंब जमा कर दें। प्रतिनिधिमंडल में सचिव संजय प्रसाद, सह सचिव राकेश सोनी, भरत गोसाईं, रिंकू शर्मा आदि शामिल थे।

## होमगार्ड जवानों के सम्मेलन में 365 दिन काम देने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का सम्मेलन रविवार को गांधी सेवा सदन में हुआ। बिहार, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली से आये अतिथियों का फूलमाला एवं बैंडबाजा से जोरदार स्वागत किया गया।

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व एसोसिएशन के सलाहकार अभयकांत मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2005 से चल रही होमगार्ड की पहली लड़ाई हमलोगों ने जीत ली है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने होमगार्ड के वेतन में बढ़ोतरी करने का फैसला भी किया है। अब सरकार भी कह रही है कि समान काम का समान वेतन मिलना चाहिए। लेकिन यह बात सिर्फ कहने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। क्योंकि अब तक होमगार्ड के लिए 365 दिन सेवा देने का प्रावधान ही नहीं है। जब पूरी सेवा ही नहीं ली जाएगी, तो पूरा वेतन कहां से मिलेगा। इसलिए आगे की लड़ाई और मजबूती के साथ लड़ने की जरूरत है। एसोसिएशन की ओर से मांग है कि सरकार अंग्रेजों के समय से चली आ रही नीति खत्म कर नयी पॉलिसी बनाये, जिसमें होमगार्ड को 30 दिन की सेवा पक्की हो। इसके अलावा उन्हें पीएफ, एएसआई, मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पुलिस की तरह उन्हें भी सारी सुविधाएं मिले। जल्द पॉलीसी नहीं बनी तो चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

### विस चुनाव की तैयारी को लेकर झामुमो ने की बैठक

**सिंदरी।** झामुमो कार्यालय सिंदरी में नगर अध्यक्ष अशोक महतो की अध्यक्षता में रविवार को विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक का संचालन नगर सचिव फागू प्रमाणिक ने किया। बैठक में अपना बूथ सबसे मजबूत की रणनीति पर चर्चा की गई। सिंदरी नगर कमेटी, वार्ड कमेटी, वर्ग संगठन कमेटी सहित बूथ कमेटी के गठन एवं विस्तार पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने पर सहमति जताई। बैठक में झामुमो जिला सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी मुर्मू, महानगर अध्यक्ष मंटू कुमार चौहान, उपाध्यक्ष रामू मंडल, उपाध्यक्ष बंटी सिंह, उपाध्यक्ष परशुराम सिंह, प्रवक्ता आकाश रवानी, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष राजु प्रमाणिक, आनद मंडल, नाजू सिंह, दिवास बेहरा, अशोक चंद्रा मौजूद थे।

### श्यामनगर भूली में लगाया गया रक्तदान शिविर

**धनबाद।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस समिति ने रविवार को श्यामनगर भूली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़ भाग लिया। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। सभी रक्त दाताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2017 से यह नेक कार्य I करते आ रहे हैं। इस काम में समाज के सभी वर्गो का भरपूर सहयोग मिलता रहा है।

## वृद्धजनों की भावात्मक जरूरतों के प्रति संवेदनशील वातावरण बनायें : न्यायाधीश

- झालसा के निर्देश पर वृद्धाश्रम मे लगा मेडिकल हेल्थ कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** उम्र के आखिरी पड़ाव में बेटा-बेटी एवं परिजनों द्वारा बेघर किए गए बुजुर्गों का हाल जानने एवं उनके स्वास्थ्य की जांच करने के लिए झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर रविवार को अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम के साथ लोहारबरवा व टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवाआश्रम पहुंचे। जहां एसएनएमसीएच की मेडिकल टीम के द्वारा आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों का हेल्थ चेकअप किया गया तथा उन्हें जरूरी दवा दी गई। वृद्ध जनों के बीच अधिवक्ता मीना सिन्हा तथा एलईडीसीएस की टीम द्वारा भोजन का भी वितरण किया गया। इस मौके पर न्यायाधीश श्री रोशन ने कहा कि वृद्धजनों की आर्थिक और स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने और वृद्धजनों की भावात्मक जरूरतों के प्रति संवेदनशील सामाजिक वातावरण बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने वृद्धा आश्रम में दो पारालीगल वालंटियर को वृद्ध जनों की सेवा के लिए भी प्रतिनियुक्त किया। उन्होंने जल्द ही सेवाआश्रम में स्थाई तौर पर हेल्थ सेंटर जिला प्रशासन के सहयोग से शुरू करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, आधार कार्ड आदि की व्यवस्थाएं जल्द जिला प्रशासन के सहयोग कर दी जाएंगी।

इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय भट्ट, नीरज गोयल, सुमन पाठक, कन्हैयालाल ठाकुर, शैलेंद्र झा, स्वाति, मुस्कान, राजेश कुमार सिंह, डालसा सहायक सहायक सौरव सरकार, अरूण कुमार, संध्या देवी, लालमणि, वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सचिव डॉ डी शरण, सह सचिव सुरेंद्र यादव, ओमकार मिश्रा, एसएस हाजरा, रवि श्रीवास्तव, एसएनएमसीएच के राजकुमार, सीएचओ सुलेखा कुमारी, पूजा रानी, सिंपल कुमारी, एमपीडब्ल्यू अमर कुमार, ऋतिक लोचन, विमल कुमार शर्मा, सुमा हेंब्रम, लक्ष्मी नारायण, फखरुद्दीन, अधिवक्ता मीना सिन्हा उपस्थित थे।

सुप्रभात

रांची, सोमवार

23.09.2024

नगर संस्करण। पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 74




14 अनुरा कुमारा दिसानायके श्रीलंका के नये राष्ट्रपति

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी ने जो बाइडेन को दिये अमूल्य उपहार

**विलमिंगटन (फिलाडेल्फिया)।** पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडेन को भारत की ओर से अमूल्य उपहार भेंट किये। वह एक व्यक्तिगत एवं भावुक क्षण बन गया। श्री मोदी ने राष्ट्रपति के निजी निवास पर मुलाकात की। साथ ही बाइडेन दंपत्ति को चांदी की ट्रेन, पश्मीना शॉल और अन्य उपहार दिये। अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनावों से बाइडेन ने अपना नाम वापस ले लेने के बाद उनकी पारी का यह आखिरी दौर है।

### पलामू होकर गुजरी वंदे भारत, लोगों में हर्ष

**मेदिनीनगर।** वंदे भारत एक्सप्रेस रविवार को पलामू जिले से भी होकर गुजरी। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन टाटानगर से पलामू हो कर पटना तक जायेगी। इसी तरह पटना से आकर टाटानगर को जायेगी। पलामू जिले में डालटनगंज एवं गढ़वा रोड स्टेशन पर इसका ठहराव तय किया गया है। पहले दिन डालटनगंज में पलामू सांसद वीडी राम, गढ़वा रोड स्टेशन पर विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### लोकगायिका शारदा सिन्हा के पति का निधन

**पटना।** रविवार को लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति ब्रज किशोर सिन्हा (80) का निधन हो गया। श्री सिन्हा घर में ही गिर पड़े थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। श्री साईं हॉस्पीटल में वह वेंटिलेटर पर थे। दो दिनों के उपचार के बाद उनका निधन हो गया। ब्रज किशोर शिक्षा विभाग में रिजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे।

### अनुष्का दत्ता मिस यूनिवर्स इंडिया के फाइनल्स में

**शिमला।** हिमाचल के रोहडू की 22 वर्षीय अनुष्का दत्ता ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के राष्ट्रीय फाइनल में जगह बनायी है। अनुष्का ने प्रदेश की पहली ऐसी प्रतिभागी बनने का गौरव हासिल किया। अगर अनुष्का जीतती हैं, तो उन्हें वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

### सड़क पर गिरे युवकों को बोलेरो ने रौंदा, मौत

**गिरिडीह।** धनवार थाना के घोड़थबा मेन रोड में रविवार दोपहर दो बाइक की टक्कर के बाद पीछे से आ रहे बोलेरो ने दो युवकों को रौंद दिया। इससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। मृतकों में धनवार के लतबेद गांव निवासी मुशरफ अंसारी और कोडरमा के मुरहा निवासी फिरदोरी राय हैं।

### प्रसाद में मिलावट की एसआइटी जांच : सीएम

**अमरावती।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम प्रसाद में मिलावट के आरोपों की जाच के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने एसआईटी गठित की है। उक्त जानकारी सीएम चंद्रबाबू नायडू ने मीडिया से बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि आइजी स्तर या उससे ऊपर के अधिकारी की निगरानी में एसआइटी गठित होगी।

कई केंद्रों पर हो-हंगामे के बीच जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा संपन्न

# हजारीबाग में पेपर लीक का आरोप परीक्षा को रद्द करने की उठी मांग

■ राज्य के सभी परीक्षा केंद्रों पर लगा था जैमर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा के दूसरे दिन भी हजारीबाग में पेपर लीक को लेकर हंगामा हुआ। इसके बाद परीक्षार्थियों ने परीक्षा को कैंसिल करने की मांग की है। इधर सरकार का कहना है कि राज्य के सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

**जैक एंड जिल स्कूल में आया पेपर लीक का मामला :** हजारीबाग के जैक एंड जिल स्कूल से परीक्षा के पेपर लीक होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गयी। एग्जाम सेंटर पर अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र के सील खुले होने का आरोप लगाया। अभ्यर्थियों का कहना है कि खोरठा पेपर का बुकलेट ऊपर से सील आया था पर जब बुकलेट खोला गया तो अंदर सील खुला हुआ पाया।

**परीक्षा ऑब्जर्वर ने दी कार्रवाई की धमकी :** इसके बाद परीक्षा ऑब्जर्वर को बुलाया गया। शिकायत के बाद परीक्षा ऑब्जर्वर ने छात्रों को फिलहाल परीक्षा देने को कहा। अभ्यर्थियों ने बताया कि



ऑब्जर्वर ने चेतावनी देते हुए कहा कि हंगामा करने पर उनपर कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा के बाद छात्रों ने कहा कि प्रश्नपत्र का सील खुला हुआ था और मांग की है कि परीक्षा को रद्द की जाये। उन्होंने पेपर लीक होने की आशंका जतायी है। छात्रों ने बताया कि रूम नंबर 9 और 13 में प्रश्नपत्र का सील खुला हुआ मिला था।

बता दें कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने निष्पक्ष, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया था। सीएम के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। परीक्षा के दौरान सभी जिलों के कंट्रोल रूम पुलिस मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जुड़े रहे तथा पल-पल की सूचना साझा की जा रही थी।

### मुख्यमंत्री हेमंत तत्काल संज्ञान लें : नेता प्रतिपक्ष

परीक्षा को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि हजारीबाग से जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में अनियमितता की सूचना मिली है। पांच लाख से अधिक छात्रों के भविष्य से जुड़ा यह मामला बेहद संवेदनशील है। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होना चाहिये। उन्होंने मुख्यमंत्री मामले पर संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

सरकार को हाईकोर्ट की फटकार

### यह फ्रॉड है, ब्रॉडबैंड और फाइबर लाइन क्यों बंद किया : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में परीक्षा के दूसरे दिन इंटरनेट की ब्रॉडबैंड और फाइबर लाइन सेवा बाधित रहने पर सरकार को फटकार लगायी। हाई कोर्ट ने रविवार को पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा बंद किए जाने पर संज्ञान लेते हुए मामले में सुनवाई की। जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सरकार को निर्देश दिया कि 20 सितंबर को जो इंटरनेट सेवा जारी थी, उसे तत्काल बहाल करें। साथ अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में इंटरनेट बंद किए जाने के लिए तैयार की गई एसओपी पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि शनिवार के हाई कोर्ट आदेश में बदलाव सरकार ने क्यों किया? कल मोबाइल डाटा बंद रहने की बात कही गई थी लेकिन रविवार को पूरी इंटरनेट सेवा बंद करने का मैसेज मोबाइल कंपनियों की ओर लोगों दिया गया। शनिवार के आदेश में बदलाव करना राज्य सरकार का फ्रॉड है, यह क्रिमिनल अवमानना का मामला बनता है।





राज्य के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हो गयी। परीक्षा केंद्रों से इसकी रिपोर्ट भी मिल गयी है। हजारीबाग से पेपर लीक की सूचना मिली थी, लेकिन ऐसा नहीं है। चार लेयर पर पैकेट सील होता है। एक लेयर कमजोर हो सकता है, लेकिन सभी लेयर नहीं? अधिकारियों ने बताया कि पेपर तीन लेयर पर सील था

**प्रशांत कुमार, अध्यक्ष, जेएसएससी, झारखंड।**

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का खुलासा

### ओएसिस के प्रिंसिपल ने वाइस प्रिंसिपल संग रची थी प्रश्न पत्र चोरी की साजिश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चर्चित नीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अहसानुल हक को नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी को-ऑर्डिनेटर के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया था। अहसानुल हक ने उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और नीट यूजी परीक्षा के लिए सेंटर सुपरिटेंडेंट मोहम्मद इम्तियाज आलम और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर नीट प्रश्नपत्र चोरी करने की साजिश रची थी।

**सीबीआई ने पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान की :** सीबीआई ने बताया कि अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए एनटीए के साथ उनका विवरण साझा किया है। शेष गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में जांच और अन्य पहलुओं के संबंध में आगे की जांच जारी है।

### हेमंत सरकार की मंइयां सम्मान यात्रा आज गढ़वा से होगी शुरू

■ दोपहर 11.45 मिनट पर गढ़वा के बंशीधर नगर में आम सभा और रमना और मेराल में सभा होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** हेमंत सरकार मंइयां सम्मान यात्रा 23 सितंबर से शुरू करेगी। गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से सम्मान यात्रा आरंभ होगी। पूरे राज्य में 25 हजार आम सभाएं, 7500 सभाएं और 1500 जगहों पर स्वागत समारोह होगा। पहले चरण में मंत्री बेबी देवी और विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के गढ़वा, मेदिनीनगर और लातेहार जिले से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस अवसर पर स्थानीय मंत्री, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। 23 सितंबर को दिन के 11.45 बजे बंशीधर नगर में आम सभा व रमना और मेराल में सभा होगी। गढ़वा में शाम 7.30 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन होगा। वहीं 24 सितंबर को गढ़वा, मझिआंव, हैदरनगर, हुसैनाबाद, छतरपुर, नावानगर और पाटन में सभा और स्वागत समारोह का आयोजन होगा। रात 7.45 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन होगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मध्य प्रदेश के सीएम और केंद्रीय मंत्री आज झारखंड में

### जेपी नड्डा खूंटी से करेंगे परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कचहरी मैदान, खूंटी में किया गया है। इसके पहले श्री नड्डा दोपहर 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से खूंटी के लिए रवाना होंगे। परिवर्तन यात्रा का शुरू करने से पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ दोपहर 12. 30 बजे करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल होंगे।

### शिवराज आज बहरागोडा से शुरू करेंगे परिवर्तन यात्रा



**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री सिंह सुबह 11 बजे बहरागोड़ा के शाखा मैदान में परिवर्तन महासभा में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे खूंटी के कचहरी मैदान पहुंचेंगे जहां से जेपी इसके बाद दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। वे वहां आयोजित सभा को भी संबोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज गांडेय व बरकट्ठा में

**रांची।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज 23 सितंबर को गिरिडीह जिले के गांडेय में दोपहर 12 बजे से नवोदय विद्यालय के सामने मैदान परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं डॉ यादव हजारीबाग के बरकट्ठा के कपका मैदान में दोपहर 2.30 बजे परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

### पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर आज गढ़वा और पलामू में

**रांची।** सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज गढ़वा जिले के उंटारी रोड में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित परिवर्तन यात्रा महासभा में शामिल होंगे। श्री ठाकुर पलामू जिले के हुसैनाबाद के हाई स्कूल मैदान, हैदरनगर में आयोजित परिवर्तन महासभा में 2:30 बजे शामिल होंगे।

### पानी में डूबी पटरी, कई ट्रेनों का परिचालन रद्द

**पटना।** बिहार के भागलपुर जिले में गंगा के लगातार बढ़ रहे जलस्तर से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के भागलपुर-जमालपुर रेलखंड पर बाढ़ का पानी आ जाने से रेल परिचालन पूरी तरह से बंद हो गया है। पूर्व रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि भागलपुर-जमालपुर रेलखंड के सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशनों के बीच बाढ़ का पानी पहुंच गया है। पटरी डूब गयी है। इससे इस रेलखंड के अप और डाउन लाइन पर शनिवार की आधी रात से सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों के परिचालन को रोक दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि चार एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। वहीं बांका-जसीडीह-किऊल और कटिहार-नवगछिया के रास्ते किया रवाना किया जा रहा है। विक्रमशिला एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, मालदा-आनंद विहार एक्स, सूरत-भागलपुर, अजमेर- भागलपुर, गांधीधाम-भागलपुर एक्सप्रेस आदि का परिचालन बाधित है।

## चैंबर चुनाव परिणाम: परेश गट्टानी की टीम ने जीत का लहराया परचम



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के 2024-25 के वार्षिक चुनाव में परेश गट्टानी की टीम ने विजय श्री हासिल किया है। दो घंटे विलंब से शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया में परिणाम देर रात को आया, जिसमें गट्टानी की टीम को विजयी घोषित किया गया। परेश गट्टानी टीम के विजयी सदस्य सह झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के पूर्व सचिव प्रमोद सारस्वत ने सभी को बधाई दी है।

### सफल उम्मीदवार

आदित्य मल्होत्रा, ज्योति कुमारी, नवजीत आलंग, परेश गट्टानी, प्रवीण लोहिया, राम बांगर, डॉ अभिषेक रामाधीन, अमीत शर्मा, रोहित पोद्दार, राहुल साबू, रोहित अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय, शैलेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, साहित्य पवन, विमल कुमार फोगला, अस्था कीरण, सुनिल कुमार सरावगी, संजय अखौरी, नवीन कुमार अग्रवाल शामिल है।

### इंटरनेट बंद : मतदान 2 घंटे देर से हुआ शुरू

**रांची।** रविवार को भी इंटरनेट सेवा बाधित रहने से चैंबर चुनाव की मतदान प्रक्रिया पर असर पड़ा। इंटरनेट सेवा बंद रहने से वोटिंग प्रक्रिया लगभग दो घंटे विलंब से शुरू हुई।

**वैकल्पिक व्यवस्था कर मतदान शुरू कराया गया :** चैंबर चुनाव 2024 के निवार्ची पदाधिकारी अंचल किंगर ने बताया कि जिस कंपनी का ब्रॉडबैंड चुनाव प्रक्रिया के लिए लिया गया था, उसकी सेवा मेन समय पर बाधित हो गई। इस वजह से वैकल्पिक व्यवस्था कर मतदान प्रक्रिया शुरू करायी गई है।

निवार्ची पदाधिकारी अंचल किंगर ने बताया कि इस बार सिर्फ कार्यकारिणी सदस्य के साथ पलामू से रीजनल वाइस प्रेसिडेंट के लिए मतदान किया गया।

पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा : आज यूएनओ महासभा को करेंगे संबोधित

# भारत का चीन को संदेश- क्वाड किसी के खिलाफ नहीं

### शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी बोले

### स्वतंत्र, खुला और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि क्वॉड किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को शिखर सम्मेलन में कहा, स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी



कर रहे हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम लिये बगैर कहा, "हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान करने के समर्थन में हैं। प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा संदेश स्पष्ट है कि क्वाड कायम रहेगा, सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा। उन्होंने कहा,हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि, क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे समय में क्वाड का अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मिलकर काम करना पूरी मानव जाति के लिए अहम है।

### 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डेलावेयर में क्वाड सम्मेलन के बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने जानकारी दी है कि 2025 का क्वाड सम्मेलन भारत में होगा। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सम्मेलन में हुई चर्चा की जानकारी दी। बताया कि भारत ने डेलावेयर में स्वच्छ अर्थव्यवस्था, निष्पक्ष अर्थव्यवस्था पर केंद्रित अपनी तरह के पहले समझौतों के साथ व्यापक हिंद प्रशांत आर्थिक रूपरेखा- आई.पी.ई.एफ पर हस्ताक्षर किये हैं। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों से भी मुलाकात की है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांति समझौते से जुड़े सवाल पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि मैं फिर से इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हम सभी पक्षों के वातार्कारों के साथ निरंतर बातचीत में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इसका कोई परिणाम निकलने की संभावना नहीं है क्योंकि इस पर काफी काम किए जाने की जरूरत है लेकिन इस पर बहुत अहम बातचीत जारी है।

बांग्लादेश को 280 रनों से किया पराजित

## पहला टेस्ट जीता: भारत ने 1-0 से बना ली बढ़त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चेन्नई।** भारतीय टीम ने रविवार को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को 280 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद भारतीय टीम ने 227 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी में बल्लेबाजी की और चार विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इस तरह भारत की कुल बढ़त 514 रन की हो गई थी और बांग्लादेश को 515 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में रविवार को चौथे दिन सुबह बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई और मैच हार गई। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 69300 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 90000 | रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## स्पीड न्यूज

### जिले में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न हुआ कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा



गुमला। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सामन्या स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के दूसरे एवं अंतिम दिवस में भी शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके के परिक्षा का आयोजन किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखा गया है। परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल तैनात खड़े परीक्षा के सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा परिक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, एवं शांतिपूर्ण रूप से परीक्षा का सफल आयोजन हो सके इसके लिए हर आवश्यक सतर्कता बरती जा रही है। जिला समाहरणालय स्थित सभागार में बने स्ट्रॉन्ग रूम में जिले के वरीय अधिकारियों डीडीसी गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### लिंग भेद को लेकर हमें समाज में सुधार करने की आवश्यकता: संगीता



गुमला। गुमला के सिसई रोड स्थित होटल सभेकर में सिनी संस्था के तत्वाधान में बाल अधिकारों और जलवायु परिवर्तन मुद्दे पर पीयर लीडर्स व किशोर किशोरियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य रुप से रायडीह प्रखंड के पांच पंचायत कांसीर, उपरखटंगा, कुडोछतरपुर जरजट्टा व सुरसांग के किशोर किशोरी शामिल हुए। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने किशोर किशोरियों को लिंग भेदभाव, बाल अधिकार, जलवायु परिवर्तन, स्थानीय जल सरंक्षण तकनीक, जैविक खेती तकनीक पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक एस जे संगीता ने लिंग भेद बताते हुए कहा की आये दिन गांव समाज में बहुत ज्यादा लिंग भेद देखा जा रहा है। जिसे समाज में सुधार करते हुए हमें बदलाव लाने की अवश्यकता है। वहीं प्रशिक्षक निलेश कुमार मिश्रा ने स्थानीय कुचरा निपटान पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि अगर हमारे पृथ्वी को साफ सुथरा रखना है तो सबसे पहले हमारे आदतों में बदलाव करना होगा। मौके पर एस जे संगीता, बप्पा मंडल, किशोर साहा, निलेश मिश्रा, सोमेश्वर भगत, मीना देवी, जितेन्द्र कुमार सत्पति, खुर्शीद आलम, संतोषी तिर्की, सत्यभामा दास, बैजन्ती देवी, अंकिता मिंज, खुशी कुमारी, किशोरी लकडा, अरुण सिंह सहित किशोर किशोरी मौजूद थे।

### त्योहारों में स्थानीय दुकानदारों से ही जिलेवासी करे सामान की खरीदारी: दामोदर

गुमला। चेंबर ऑफ कामर्स गुमला के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने जिले वासियों से त्योहारों मे अपने स्थानीय दुकान से ही जरूरत का सामान लेने की अपील की है। कसेरा ने कहा कि हमारे स्थनीय दुकानदार आपके लिए अलग अलग शहरों से बिक्री हेतु अपने प्रतिष्ठान मे स्टॉक मंगा के रखे हैं। इसी लिए आप अपना जरूरत के सभी समान स्थानीय दुकान से ही खरीदें। क्योंकि वर्तमान समय में ऑन लाइन के कारण बाजार की रौनक चली गई हैं और दुकान दार अपने दुकान खोल कर ग्राहक का इंतजार करते हैं। सभी ब्यापारियो एवम आम नागरिकों से अपील करता हूं की छोटे हो या बड़ा समान स्थानीय दुकानदार से ही खरीदें। जब हमारे पास पैसा नहीं होता हैं तो हमारा मदद स्थानीय दुकानदार ही करते है न की ऑन लाइन वाले हमारे मदद को आते हैं। हमारे दु:ख सुख में स्थानीय दुकानदार ही आते जाते हैं न की ऑन लाइन वाले। अगर हमे खून भी चाहिए तो स्थानीय लोग मदद करेंगे।

### रांची में आयोजित मंईयां सम्मेलन में भाग लेने घाघरा से महिला हुई रवाना



घाघरा। रांची में आयोजित मंईया सम्मेलन में शामिल होने घाघरा प्रखंड की सैकड़ो महिला रविवार को रवाना हुई। प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे ने पार्टी का झंडा दिखाकर सभी को रवाना किया। कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा के नेतृत्व में सभी महिलाएं रांची कार्यक्रम में शामिल होने निकली। जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में कार्यक्रम रांची खकसी टोली जतरा मैदान में आयोजित की गई है। जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मानित किया जाएगा। महिलाओं और 18 वर्ष से ऊपर के बच्चियों को जो मईया सम्मान योजना के तहत सम्मान मुख्यमंत्री द्वारा दिया जा रहा है। इस मौके पर शहजाद खान संदीप उरांव सहित महिलायें शामिल थे।

### परिवर्तन संकल्प यात्रा व सभा की तैयारी को लेकर घाघरा में भाजपाइयों की बैठक



घाघरा। भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर रविवार को घाघरा कॉलेज परिसर में भाजपाइयों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर जयसवाल ने की। बैठक में मुख्य रूप से बिशनपुर विधानसभा प्रभारी प्रवीण सिंह प्रवासी प्रभारी विश्व विजय सिंह तोमर के अलावा कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी 27 सितंबर को भाजपा के परिवर्तन संकल्प यात्रा और घाघरा में होने वाले सभा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। मौके पर बिशनपुर विधानसभा प्रभारी प्रवीण सिंह ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में असम के सीएम हेमंत विशवा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, और केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव शामिल होंगे। आप सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और लोगों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दें। ताकि कार्यक्रम सफल हो सके। मौके पर प्रदीप प्रसाद, विपिन बिहारी सिंह, श्याम किशोर पाठक, तिंबू उरांव, राम साहू, अरुणजय सिंह, अनूप पांडे, श्याम बिहारी शुक्ला, सीमा देवी, अलका देवी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

# किसान सौर ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर अन्य संशाधनों में अपनी निर्भरता करें कम : महेंद्र

**प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर द्वारा सौ दिन कार्य योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत ने की। मौके पर भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा उत्पादन से संबंधित किसान-उन्मुख योजना प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान को प्रोत्साहन प्रदान करना है। जिससे आने वाले दिनों में किसान सौर ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर सके एवं अन्य संसाधनों पर उनकी निर्भरता कम हो। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ संजय कुमार ने कहा कि पीएम कुसुम योजना किसानों को अपनी बंजर भूमि पर स्थापित सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से ग्रिड को बिजली बेचने का विकल्प प्रदान करते हुए अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है। डॉ कुमार ने कहा कि यदि पीएम कुसुम योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाता है तो भारत में ऊर्जा सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिये सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में मजबूत व टिकाऊ आधार मिलेगा। यह योजना जहां किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। वहीं पर्यावरण के लिए भी काफी हितकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एनओ राय ने बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से सोलर आधारित सिंचाई उपकरण सरकार के द्वारा सब्सिडी पर उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए जिले में विभिन्न प्रकार के उपक्रमों से जुड़कर किसान लाभ उठा सकते हैं। इस कार्यक्रम में गंगा जिले के विभिन्न प्रखंडों के 35 किसानों नें भाग लिया।

# सड़क के टूटने से ग्रामीण परेशान

खबर मंत्र संवाददाता



कैरो। प्रखंड मुख्यालय से महज कुछ 100 मित्र की दूरी में नायटोली नहर में बने पुल का आधा भाग टूट चुका है जो न सिर्फ राहगीरों के लिए जान जोखिम में डालने का खतरा बन गया है बल्कि कई तरह की सवाल भी बना हुआ है। बिदित हो को प्रखंड मुख्यालय व नगजुवा रेलवे स्टेसन आने जाने के लिए येड़ादोन, सढ़ाबे, टाटी, खरता, हनहट, गितिलगढ़, तोडांग सहित कुडू प्रखंड के दर्जनों गांव से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में चारपहिया व हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल, टेम्पो सहित वाहन का परिचालन इसी रास्ते से होता है। इतना ही नही नन्हे-मुन्हे बच्चे व मरीज भी इसी रास्ते से आते जाते हैं। ऐसे में इस पुल में सड़क का धंसना बहुत बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। जबकि यह सड़क का निर्माण कुछ दिन पूर्व ही किया गया। ग्रामीण बताते हैं कि जब सड़क का निर्माण किया गया तो साथ मे इस पूल का निर्माण भी होना था जिसे नजर अंदाज किया गया और सड़क निमार्ता अपनी कमाई कर के चला गया और अभी सड़क में चलने में भय महसूस होता है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसका मरम्मत नहीं होता है तो किसी भी दिन दुर्घटना हो सकती है।

# देशी दवा से हुई मौत को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची मड़ईकोना गांव

**बीमारी में जड़ी बूटी की दवाईयों का प्रयोग न करें, शरीर में डाल सकता है बुरा प्रभाव : सिविल सर्जन**

खबर मंत्र संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के मड़ईकोना गांव में टीबी बीमारी की देशी दवा खाने से दो लोगों की हुई मौत मामले में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित गुमला सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि आप किसी भी बीमारी में जड़ी बूटी की दवाईयों का प्रयोग न करें। झड़ी बूटी की दवाईयां शरीर में गलत असर कर सकती है। देशी दवा के सेवन से मृत व्यक्तियों का पोस्टमार्टम करा कर उनका विसरा फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि उनके शरीर में किस प्रकार का पोइजन था। इधर सिविल सर्जन के द्वारा चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया और प्रसव गृह सहित स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और उपस्थित अस्पताल कर्मियों को दिशा-निर्देश देते हुए लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने की बात कही। मौके पर चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, वार्ड सदस्य रश्मि भारती सहित विभाग की टीम उपस्थित थे।

# लवकुश समाज हर क्षेत्र में बेहतर : सुदेश

**लवकुश जयंती समारोह का हुआ आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता






लोहरदगा। लवकुश महासभा लोहरदगा द्वारा नगर भवन में लवकुश जयंती समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और अखिल भारतीय कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो मौजूद थे। मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा की लवकुश समाज आज हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है। चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र, खेल, राजनीति, कृषि के क्षेत्र में हमारा समाज शुरू से ही रहा है और हमारा समाज अन्नदाता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा की राजनीति के क्षेत्र में समाज अपनी ताकत साबित कर रहा है वर्तमान में कई विधायक और सांसद हमारे समाज से है। लेकिन ये राज्य सरकार हमारे समाज के साथ अच्छा नहीं कर रहा है जिसका जवाब आने वाले चुनाव में एकजुटता के साथ लड़ कर दिखाना है। समारोह में छोटे छोटे बच्चो द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर गणेश वंदना के साथ हुआ। मौके पर समाज के लिए बेहतर कार्य करने वालो और शिक्षा और अन्य जगहों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चो और लोगो को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में राजकिशोर महतो, पंकज महतो, बबलू महतो, किनेस्वर महतो, पुस्कर महतो, सचिव नंदलाल महतो, विकास महतो, कमलेश कुशवाहा, विकास कुमार, भीम महतो, महेन्द्र महतो, राजेश महतो, ललित महतो, विजय कुमार, शंकर कुशवाहा, रितिक कुमार, आकाश कुमार, आयुष, अजय कुमार, विगन महतो, संगीता कुमारी सहित समाज के लोग मौजूद थे।

**लोगो का मौलिक अधिकार का हनन कर परीक्षा ले रही है ये सरकार : सुदेश महतो**

सुदेश ने परीक्षा को लेकर राज्य में हुए इंटरनेट बंद को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। सुदेश ने कहा यह कार्य सरकार की नाकामी को दशार्ता है लोगो का मौलिक अधिकार का हनन कर परीक्षा ले रही है। ये सरकार के क्षमता पर ही सवाल खड़े करता है। सरकार को खुद पर भरोसा नहीं है। ऐसा हो सकता था सरकार टेक्नोलॉजी जैमर का प्रयोग कर सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर नियंत्रण कर सकती थी लेकिन सरकार को खुद पर भरोसा नहीं है।

# चैनपुर थाना व कॉलेज में एनएसएस छात्रों ने चलाया सफाई अभियान



चैनपुर। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज व चैनपुर थाना परिसर में रविवार को एनएसएस के छात्रों ने सफाई अभियान चलाया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया गया। इस अभियान के दौरान पहले स्वच्छता शपथ दिलाया गया। फिर छात्रों ने पुलिस स्टेशन और पोस्ट ऑफिस के आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की। थाना प्रभारी ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रोग्राम ऑफिसर अमित कुमार ने थाना के सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया और कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसे हर किसी को निभाना चाहिए। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी मदन शर्मा, एम के दुबे, अरुण सिंह आदि उपस्थित थे।

# मंईयां सम्मान योजना चुनावी लॉलीपॉप : बोनीफास

**चैनपुर के मालम पंचायत में युवा आजसू सम्मेलन का किया गया आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत में आजसू युवा प्रखंड अध्यक्ष अफ्फाज खान के नेतृत्व में युवा आजसू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर, जिला उपाध्यक्ष नीतीश बैगा, जिला सचिव सद्दाम हुसैन शामिल हुए। बैठक में सरकार की नाकामी और वादा खिलाफ को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार साझा किया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि हमारी सरकार आती है तो हम लोग किस तरह से अपने क्षेत्र का विकास करेंगे। मौके पर बोनीफास कुजूर ने कहा कि मंईया समान योजना चुनावी समर को देखते को राज्य सरकार ने लॉलीपॉप की तरह उतारा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने लगभग 400 वादों में से एक भी वादा सही ढंग से पूरा नहीं किया है और तो और गुमला विधानसभा में झामुमो के विधायक भूषण तिर्की ने क्षेत्र में युवाओं को भ्रमित करने का काम किया है। जिसे युवा वर्ग में खासा नाराजगी देखने को मिल रहा है। गुमला विधायक से पूछना चाहता हैं कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के नाते इस क्षेत्र में क्या विकास हुआ है। सम्मेलन में फैयाज खान, जफीर खान, उप मुखिया इनाम असुर अमित एक्का, आकाश सिंह, मनीष सिंह, प्जोहन मिज, उस्मान खान, नजीबुल्लाह खान, छात्र संघ अध्यक्ष इरशाद खान, निर्भय टोप्पो, मार्सेल कुजूर के साथ सैकड़ों कार्यकर्त्ता युवा शामिल हुए।

### वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जागरूकता सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लोहरदगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार और होप के संयुक्त तत्वाधान में मनहो वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जागरूकता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीजे 2 नीरजा अश्री, सब जज अर्चना कुमारी और डीएलएसए सचिव राजेश कुमार शामिल हुए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सह अध्यक्ष झालसा न्यायमूर्ति सुदीप नारायण प्रसाद और पीडीजे सह डीएलएसए अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के निर्देशानुसार वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जांच सह विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों को बीपी, शुगर, स्वास्थ्य जांच किया गया। जरूरतमंद लोगों को सदर अस्पताल के सहयोग से दवा उपलब्ध कराया गया। डॉ आरपी साहू ने इलाज कर इन्हें स्वास्थ्य टिप देने का काम किया। वही मौके पर पहुंचे न्यायिक अधिकारियों ने कानूनी जानकारी देते हुए बताया की प्राधिकार वृद्ध लोगो के लिए हरसंभव मदद देगा। मौके पर मनोरमा एक्का, उज्वल कुशवाहा, अरविंद वर्मा आदि मौजूद थे।

### सेवा भारती के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में चालीस लोगों ने कराया जांच




लोहरदगा। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के समीप लगातार 119 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल व उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करा कर लाभान्वित हुए। शिविर में हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी, वजन, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा इस शिविर से स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर काफी लोगों को अपने कई बीमारियों का पता लगा और उक्त बीमारी का इलाज करवा कर स्वस्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही माह में एक बार ग्रामीण क्षेत्रों पर भी यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाई जाएगी। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं कोषाध्यक्ष शशांक बर्मन ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करवा कर अपने स्वास्थ्य के संबंधित जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है।

### धौंरा में कुएं से मिला व्यक्ति का शव

लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत के धौंरा गांव स्थित एक कुआं से एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत के धौंरा निवासी झरी उरांव का पुत्र 40 वर्षीय बाल किशुन उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि किशन उरांव का दिमागी हालत ठीक नहीं था। शनिवार की शाम 4:00 बजे से लापता था।

# जय श्रीराम समिति के पदधारी के लिए हुआ मतदान

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। जय श्रीराम समिति द्वारा निर्धारित चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। वही वोटों की गिनती शाम 5 बजे से आरंभ हुआ है जो देर रात तक चलने की उम्मीद है। विदित होंगी 7 साल बाद जय श्रीराम समिति का चुनाव शहर के खेमराज स्मृति भवन में मतदान हो रहा है। सुबह 7 बजे से शुरू हुई मतदान की प्रक्रिया शाम 3 बजे तक जारी रहा। चुनाव को लेकर समिति के सदस्यों में काफी उत्साह देखा गया। बता दें कि समिति के अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार मैदान में व महामंत्री में चार दावेदार, कोषाध्यक्ष में दो दावेदार मैदान में है। जय श्रीराम समिति के चुनाव में मतदान के लिए वहीं प्रक्रिया अपनाई जा रही है जो विधायक या सांसद के चुनाव में अपनाई जाती है। मुख्य चुनाव अधिकारी भाजपा के पूर्व विधायक रमेश उरांव ने बताया कि समिति के 30 हजार सदस्य जय श्रीराम समिति के चुनाव में वोट करेंगे। इनकी सुविधा के लिए 2 काउंटर बनाए गए हैं। चुनाव प्रभारी सुषमा सिंह ने बताया कि मत डालने के लिए सदस्यता कार्ड या आधार कार्ड दिखाना होगा व कैमरे की निगरानी मतदान प्रक्रिया हो रहा है। इसके अलावा पुलिस बल की तैनाती की गाई है। 15 साल पुरानी समिति के चुनाव के लिए 15 लोगों का पैनल भी बनाया गया है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सुनील अग्रवाल, अशोक साहू मैदान में आमने-सामने हैं।

### कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन



कैरो। प्रखंड के गजनी पंचायत अंतर्गत चाल्हो में जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के उपस्थित किसानों को जानकारी देते हुए एनएफए बीबीसएम के तकनीकी सहायक दिनेश चंद ने कहा कि आज के समय में कृषि क्षेत्र एक व्यापक और आर्थिक उपार्जन का बहुत सही तरीका उपाय है। इसके लिए जरूरी है कि कृषि की नई तकनीक को अपनाई जाए और उसके अनुसार अपने को तैयार किया जाए। जिसके तहत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, जैविक खाद का प्रयोग, बीज का उपचार व मिट्टी जांच जैसी अहम बिंदु है जिसे अपना कर हम कम लागत में ज्यादा मुनाफा कर सकते हैं। सरकार और विभाग द्वारा भी समय समय पर अच्छी किस्म की बीज का वितरण किया जाता है जिससे कि किसानों को मदद मिल सके। अब समय है एक अच्छे किसान में अपने को साबित करने का ताकि खुद व राष्ट्र की निर्माण में कृषि का अहम योगदान हो सके। किसानों को निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। पाठशाला में दिनेश चंद, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू, कृषक मित्र ईश्वर दास बाखला, बजरंग उरांव, बिरसा भगत, संतोष, राम उरांव व किसान मौजूद थे।

# अग्निवीर व होमगार्ड में चयनित अभ्यर्थियों का मिशन वर्दी ने किया अभिनंदन

**मिशन वर्दी लगतार युवाओं को अग्निवीर व अन्य बहाली के लिए करती है तैयार**

खबर मन्त्र संवाददाता



अभ्यर्थियों के अभिनंद के बाद उनके साथ मिशन वर्दी के सदस्य।

गुमला। मिशन वर्दी गुमला के युवाओं का अग्नि वीर और होम गार्ड में चयन होने पर रविवार को चयनित अभ्यर्थियों का मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। अग्निवीर व अन्य बहाली के लिए मिशन वर्दी गुमला के युवाओं को सामूहिक रुप से तैयारी करती है। बीते दिन जो अग्नि वीर की परीक्षा परिणाम घोषित उसमें मिशन वर्दी के बलदेव उरांव, अंकित केरकेट्टा, सुधीर लकड़ा, सचित तिग्गा, अशोक उरांव, मुकेश उरांव, शिवकुमार उरांव, प्यारे उराव सहित आठ लोगों का चयन हुआ। वहीं होमगार्ड में सोमनाथ लकड़ा,आशीष केरकेट्टा रवि खड़िया, निशान्त आलोक केरकेट्टा 4 का चयन हुआ। पूर्व में भी अग्नि वीर में अजय उरांव, आकाश केरकेट्टा, विश्वनाथ भगत, सतीश उरांव का पिछले वर्ष में चयन हो चुका है। नव चयनित युवाओं का मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं मिशन वर्दी के प्रशिक्षक ट्रेनर राम उरांव ने नव चयनित युवाओं का हौसला बढ़ाते शुभकामना दिया। मिशन वर्दी के संरक्षक देवेन्द्र लाल उरांव ने युवाओं को अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत करने फिट रहने और पढ़ते रहने और नशा से दूर रहने का सुझाव दिए। आर्मी जवान अजय उरांव ने कहा कि युवकों शारीरिक विकास के लिए हम सभी फौजी मिलकर सहयोग करेंगें। मौके पर अजय लकड़ा शेखर लकड़ा, रोशन उरांव, सचिन उरांव, प्रमोद सहित अन्य मौजूद थे।

### भंडरा में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भंडरा। स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत माई भारत नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, युवा विभाग लोहरदगा एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुंदो के संयुक्त तत्वाधान में भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम समिति के सचिव बालकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली, वार्ड सदस्य कांति देवी, आनंद सिंह, वासुदेव उराव, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह धरती पहान, राहुल सिंह, सुरेश उराव चंद्रिका सिंह, बंधु उरांव, उमेश सिंह, रूपेश सिंह, रोहित महतो सहित अन्य सदस्यों के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया।

# कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट की ओर से आनंद सरस्वती बाल निकेतन कुम्हार मोहल्ला पावरगंज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह दो भागों में विभक्त किया गया था पहला शिक्षक कर्मचारी अनुबंध कर्मचारी केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी का और दूसरा सम्मान समारोह विश्वकर्मा सम्मान इसमें जो कुम्हार मिट्टी के चाक उसे कार्य करते हैं उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही कर्मचारी एवं केंद्रीय कर्मचारी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया के लोगो को दुर्गा सप्तशती का पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में लगभग 115 लोगों को सम्मानित किया गया एवं विश्वकर्मा सम्मान योजना मैं लगभग 125 लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। दीप प्रज्वलित सभी माताएं बहने संरक्षक के साथ में जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का संबोधन दिनेश प्रजापति, कमल प्रजापति, सहदेव महतो, विनोद प्रसाद, इंजीनियर सूरज प्रजापति, होम्योपैथिक डॉक्टर पवन प्रजापति, डेंटल डॉक्टर दिलीप प्रजापति ने संबोधन किया। अपने संबोधन में प्रेम किशोर प्रजापति ने समाज को आगे ले जान एवं विकास हेतु सभी को आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा की सनातन समाज को आगे ले जाने में अपने दिशा एवं दशा को प्रदान करें जिससे कि समाज सुधार सके। मौके पर सैनिक दीपक प्रजापति ने प्रस्ताव दिया की वर्तमान सभी सरकारी कर्मचारी एवं अवकाश प्राप्त कर्मचारी 1000 देकर समाज को आगे बढ़ाएंगे इसकी पहल करते हुए उन्होंने 1000 समाज को प्रदान किया। इस कार्यक्रम में व्यवस्था प्रमोद प्रजापति एवं महासचिव नागेंद्र प्रजापति ने किया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में कमल प्रजापति, देवानंद प्रजापति, दुर्गा महतो, नितेश कुमार, राधेश्याम प्रजापति, कृष्णदेव प्रजापति, अमर प्रजापति, विकास प्रजापति, सरोज प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, दिलीप प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, बसंत प्रजापति, संहिता देवी, सविता प्रजापति, संध्या देवी, शशि भूषण प्रजापति, परमेश्वरी माता, निशांत कुमार, रेखा प्रजापति, किरण प्रजापति सहित ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरुष कार्यक्रम मे शामिल हुए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने किया।

# 2030 तक तीसरा स्थान


भारत 2030-31 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।एस एंड पी ग्लोबल ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ कारोबारी लेनदेन तथा लॉजिस्टिक्स में सुधार, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने और सार्वजनिक पूंजी पर निर्भरता कम करने के लिए निरंतर सुधारों की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि मजबूत वृद्धि संभावनाओं तथा बेहतर विनियमन के कारण शेयर बाजारों के गतिशील तथा प्रतिस्पर्धी बने रहने का अनुमान है। भारत के प्रमुख उभरते बाजार सूचकांकों में शामिल होने के बाद से भारत सरकार के बॉन्ड में विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है। आगे भी इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है। रिपोर्ट कहती है कि भारत का करीब 90 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है, जिससे बढ़ते निर्यात तथा थोक वस्तुओं के आयात को प्रबंधित करने के लिए मजबूत बंदरगाह बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। भारत घरेलू ऊर्जा की बढ़ती मांग का सामना कर रहा है। वह नवीकरणीय तथा कम उत्सर्जन वाले ईंधन सहित सतत प्रौद्योगिकियों पर विचार कर सकता है। साथ ही अपनी ऊर्जा बदलाव योजनाओं के साथ ऊर्जा सुरक्षा को संतुलित कर सकता है। इसमें कहा गया, बुनियादी ढांचे और उत्पादकता में सुधार के लिए कृषि उन्नत प्रौद्योगिकियों तथा नई नीतियों पर निर्भर रहेगी। खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सिंचाई, भंडारण और आपूर्ति वितरण जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के मुद्दों से निपटने की जरूरत है। देश का विकास दर और सरकार की सोच सही दिशा में है।

# श्वेत क्रांति 2.0

देश के डेयरी सहकारी क्षेत्र को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को श्वेत क्रांति 2.0 की शुरूआत की। इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। यह कार्यक्रम नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में शुरू की गई तीन पहल में से एक है। अकेले गुजरात में 60,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। यह नई पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने पर केंद्रित होगी। डेयरी किसानों के लिए देशभर में रुपे किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत और डेयरी सहकारी समितियों में सूक्ष्म-एटीएम की स्थापना की भी शुरूआत की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 67,930 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कीं। श्वेत क्रांति 2.0 के तहत, सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 50 प्रतिशत की वृद्धि करना है। इस योजना में 1,00,000 नई और मौजूदा जिला सहकारी समितियों, बहुउद्देश्यीय जिला सहकारी समितियों और बहुउद्देश्यीय पीएसीएस की स्थापना और सुदृढ़ीकरण शामिल है, जिन्हें आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ दूध मार्गों से जोड़ा जाएगा। शुरूआत में, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) अपने स्वयं के संसाधनों से इस पहल को वित्तपोषित करेगा, सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र है।

# यश और ओज के कवि, क्रांतिकारी चिंतक दिनकर

**23 सितंबर** को राष्ट्रकवि को याद करते हैं। रामधारी सिंह 'दिनकर' की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पुस्तक है 'लोकदेव नेहरू'। पंडित नेहरू के राजनीतिक और अन्तरंग जीवन के कई अनछुए पहलुओं को जिस निकटता से प्रस्तुत करती है यह पुस्तक, वह केवल दिनकर जी के ही वश की बात लगती है। दिनकर जी ने 'लोकदेव' शब्द विनोबा जी से लिया था जिसे उन्होंने नेहरू जी की श्रद्धांजलि के अवसर पर व्यक्त किया था। दिनकर जी का मानना भी है कि 'पंडित जी, सचमुच ही, भारतीय जनता के देवता थे।' जैसे परमहंस रामकृष्णदेव की कथा चलाए बिना स्वामी विवेकानन्द का प्रसंग पूरा नहीं होता, वैसे ही गांधी जी की कथा चलाए बिना नेहरू जी का प्रसंग अधूरा छूट जाता है। इसीलिए इस पुस्तक में एक लम्बे विवरण में यह समझाने की कोशिश गई है कि इन दो महापुरुषों के प्र सम्बन्ध कैसे थे और गांधी जी के दर्पण में नेहरू जी का रूप कैसा दिखाई देता है। गांधी जी और नेहरू जी के प्रसंग में स्तालिन की चर्चा, वैसे तो बिलकुल बेतुकी-सी लगती है, लेकिन नेहरू जी के जीवन-काल में छिपे-छिपे यह कानाफूसी भी चलती थी कि उनके भीतर तानाशाही की भी थोड़ी-बहुत प्रवृत्ति है। अतः इस पुस्तक में पाठक नेहरू जी के प्रति दिनकर जी के आलोचनात्मक आकलन से भी अवगत होंगे। वस्तुतः दिनकर जी के शब्दों में कहें तो 'यह पुस्तक पंडित जी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है।' पंडितजी से मैंने कभी भी कोई चीज अपने लिए नहीं माँगी सिवाय इसके कि 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका लिखने को मैंने उन्हें लाचार किया था ।और पंडितजी ने भी मुझे मंत्रित्व आदि का कभी कोई लोभ नहीं दिखाया । मेरे कानों में अनेक सूत्रों से जो खबरें बराबर आती रहीं, उनका निचोड़ यह था कि सन 1953 ई. से ही उनकी इच्छा थी कि मैं मंत्री बना दिया जाऊं ।





- डॉ उषा किरण

> भारत में बसने वाली कोई भी जाति यह दावा नहीं कर सकती कि भारत के समस्त मन और विचारों पर उसी का एकाधिकार है ! भारत आज जो कुछ है, उसकी रचना में भारतीय जनता के प्रत्येक भाग का योगदान है ! यदि हम इस बुनियादी बात को नहीं समझ पाते तो फिर हम भारत को भी समझने में असमर्थ रहेंगे !

दिनकर जी का जन्म 23 सिंबर सन1908 में बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया घाट नामक ग्राम में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही हुई। कविता लिखने का शौक इन्हें विद्यार्थी जीवन से ही था। हाईस्कूल पास करने के बाद ही इन्होंने 'प्राण भंग' नामक काव्य पुस्तक लिखी जो सन 1929 में प्रकाशित हुई। सन 1932 में बी. ए. परीक्षा उत्तीर्ण करके इन्होंने एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधान अध्यापक के पद पर कार्य किया। इसके बाद अवर निबन्धक के पद पर सरकारी नौकरी में चले गये। बाद में प्रचार विभाग के निदेशक के पद पर स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद तक कार्य करते रहे। इसके बाद इन्होंने बिहार विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष पद पर कुछ समय तक कार्य किया। तत्पश्चात भागलपुर विश्वविद्यालय के उपकुलपति भी रहे। अन्त में भारत सरकार के गृह विभाग में हिन्दी सलाहकार के रूप में एक लम्बे अरसे तक हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत रहे।

इनको ज्ञानपीठ और साहित्य अकादमी के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सन 1959 में भारत सरकार ने इन्हें 'पद्म भूषण' की उपाधि से अलंकृत किया और सन 1962 में भागलपुर विश्वविद्यालय ने आपको डी. लिट् की मानद उपाधि से सम्मानित किया। इस प्रकार हिन्दी की अनवरत सेवा करते हुए सन 1974 में हिन्दी साहित्याकाश का यह 'दिनकर' सदा-सदा के लिए अस्त हो गया।वे अहिन्दीभाषी जनता में भी बहुत लोकप्रिय थे क्योंकि उनका हिन्दी प्रेम दूसरों की अपनी मातृभाषा के प्रति श्रद्धा और प्रेम का विरोधी नहीं, बल्कि प्रेरक था । दिनकर जी बहुमुखी प्रतिभा के कलाकार थे। आपकी प्रसिद्धि का मूल आधार कविता है। लेकिन गद्य लेखन में भी आप पीछे नहीं रहे और अनेक अनमोल गद्य ग्रन्थ लिखकर हिन्दी साहित्य की अभिवृद्धिव की है आपकी रचनाएँ निम्नलिखित हैं

गद्य ग्रन्थ अर्द्धनारीश्वर, मिट्टी की ओर, रेती के फूल बट पीपल, उजली आग, भारतीय संस्कृति के चार अध्याय, हमारी सांस्कृतिक एकता।

काव्य ग्रन्थ प्रण भंग, रेणुका, रसवन्ती, सामधेनी, बापू, हुँकार, रश्मिरथी, परशुराम की प्रतिज्ञा, आदी।

महाकाव्य - कुरुक्षेत्र, उर्वशी।

बाल निबन्ध --- मिर्च का मजा, सूरज का ब्याह, चित्तौड़ का सांका।

- हजारीप्रसाद द्विवेदी दिनकर जी ने श्रमसाध्य जीवन जिया । उनकी साहित्य साधना अपूर्व थी । कुछ समय पहले मुझे एक सज्जन ने कलकत्ता से पत्र लिखा कि दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना कितना उपयुक्त है? मैंने उन्हें उत्तर में लिखा था कि- यदि चार ज्ञानपीठ पुरस्कार उन्हें मिलते, तो उनका उचित सम्मान होता- गद्य, पद्य, भाषणों और हिन्दी प्रचार के लिए । - अज्ञेय यह संभव है कि संसार में जो बड़ी-बड़ी ताकतें काम कर रही हैं, उन्हें हम पूरी तरह न समझ सकें, लेकिन इतना तो हमें समझना ही चाहिए कि भारत क्या है और कैसे इस राष्ट्र ने अपने सामाजिक व्यक्तित्व के विभिन्न पहलू कौन से हैं और उसकी सुदृढ़ एकता कहाँ छिपी हुई है ! भारत में बसने वाली कोई भी जाति यह दावा नहीं कर सकती कि भारत के समस्त मन और विचारों पर उसी का एकाधिकार है ! भारत आज जो कुछ है, उसकी रचना में भारतीय जनता के प्रत्येक भाग का योगदान है ! यदि हम इस बुनियादी बात को नहीं समझ पाते तो फिर हम भारत को भी समझने में असमर्थ रहेंगे !

और यदि भारत को हम नहीं समझ सके तो हमारे भाव, विचार और काम सब-के-सब अधूरे रह जायंगे और हम देश की ऐसी कोई सेवा नहीं कर सकेंगे, जो ठोस और प्रभावपूर्ण हो ! मेरा विचार है कि दिनकर की पुस्तक इस बातों को समझने में, एक हद तक, सहायक होगी ! इसलिए, मैं इसकी सराहना करता हूं और आशा करता हूं कि इसे पढ़कर अनेक लोग लाभावित होंगे !

युवाओं के जीवन में रश्मिरथी की सैकड़ों पंक्तियां आज भी स्वर पाती है उनमें मैं भी एक हूं। ओज का वैसा साहित्यकार देश में दूसरा नहीं हुआ।

**(विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, विमेंस कॉलेज रांची)**

## आज का पंचांग और राशिफल

**विक्रम संवत 2081**
**आश्विन पक्ष कृष्ण, षष्ठी**

**मेष**- समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष**- नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे।

**मिथुन**- सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** - समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह**- यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या** - शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुला** - खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक** - समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु** - कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर**-आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुंभ** - सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन**- शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

# दुनिया एक परिवार

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**महर्षि** वसिष्ठ ने विश्वामित्र से कहा दुष्टों एवं असुरों सहित राक्षसराज रावण के संहार करने एवं ऋषि-महर्षि तथा आम जन के उद्धार के लिये विद्यालोक से अयोध्या में रामावतार होने वाला है। उनकी पराशक्ति सीता जनकपुर में अवतरित होने वाली है। आप वापस सिद्धाश्रम (आज का बक्सर शहर) लौट जाइये। ज्योंही जनकपुर में सीता विवाह का नियत समय आयेगा आप किसी बहाने अयोध्या जाकर श्री राम को लेते आइयेगा और राम एवं सीता का विवाह करा दिजिएगा। ब्रम्हर्षि सिद्धाश्रम लौट आये और राम-सीता विवार के नियम समय का प्रतीक्षा किये। इस बीच की अवधि में विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की रचना की। गायत्री मंत्र भक्ति का मंत्र है। भू यानी भू लोक में अर्जित की हुई सारी संपति रिश्ते नाते इत्यादि, भुव : यानी मन, बुद्धि एवं चित, स्वः यानी अहंकार जब तत् सविता यानी सदगुरु को समर्पित कर दिया जाए तो इन्द्रियां देवतुल्य हो जाती है। जिस प्रकार प्रकृति के देवता परमात्मा के लिये कार्य करते हैं उसी प्रकार मन बुद्धि तथाअतः करण परा का हो जाता है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इसका सारांश यह है कि साधन के माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाए तो नहीं होगा। विश्वमित्र जी इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। चाहे नारदजी हो, उद्धव जी हो या चण्डकौशिक मुनि हो जिन्होंने सोचा कि साधन के द्धारा ज्ञान हो जाए उन्हें नहीं हुआ। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा तो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के लिए बजट में 3 लाख करोड़ से अधिक का प्रावधान। मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की गई। पर्यटन दीदी व पर्यटन मित्र के जरिए पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर।

**- अन्नपूर्णा देवी, कन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

अपना घर-संपत्ति खो चुके इन दलित परिवारों की चीत्कार और भयंकर गोलीबारी की गूंज से वंचित समाज में मचा आतंक भी बिहार की सोई हुई सरकार को जगाने में कामयाब नहीं हो पाए।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**





पुरानी कश्ती को पार लेकर फकत हमारा हुनर गया है,
नए खिवैया कहीं न समझें नदी का पानी उतर गया है

**-कुमार विश्वास**

## कार्टून वर्ल्ड

**खाद्य संकट और निर्धन देश**



### नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**- रितु लकड़ा, कांके रांची**

### चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है लेकिन मामला नियंत्रिण नहीं है।

**-अवंतिका राज, लोहरदगा**

# प्रेट्रोलियम उत्पाद से केंद्र और राज्य पैसा कमाना बंद करें

**मुरलीधर**

## आर्थिक

**देश** में जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई 2017 से लागू हुई , सितंबर महीने में जीएसटी काउंसिल की 45 वीं बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका हाल के दिनों में पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों को ले कर गैर भाजपा राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से इन उत्पादों पर लगे एक्साइज ड्यूटी को कम करने की गुहार लगाई थी लेकिन खुद वैट की रकम कम करने से इनकार करते रहे।

**तेल का गणित :** 2014-15 के बाद से ऑयल और पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स वसूली के जरिए जमा होने वाली राशि में 370 फिसदी का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में ही 3.71 लाख करोड़ की कमाई केंद्र सरकार को इससे हुई। बेस प्राइस के दोगुने से अधिक दाम पर पेट्रोल/डीजल बिहार सहित कई राज्यों में मिल रहा है। वो पैसा राज्य और केंद्र सरकार के खजाने में जा रहा है । मान लीजिये किसी विशेष दिन डीलरों को पेट्रोल 41.10 रुपए प्रति लीटर की दर पर मुहैया कराया जा रहा है इस पर 32.90 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी और साथ में 3.84 रुपए प्रति लीटर का डीलर कमीशन जुड़ेगा और झारखंड में 20.19 पैसा वैट चार्ज होता है।इस तरह से 98.3 पैसे में झारखण्ड की जनता को मिल जाता। अगर पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर जीएसटी लागू हो जाता है तो आम जनता को बहुत फायदा होगा। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 40 फीसदी तक गिरावट आ सकती है। लेकिन सरकारी खजाने का बुरा हाल हो जायेगा। जरा सा भी वैट घटाता है तो आसानी से होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिये कई राज्य इसका विरोध करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग टैक्स पर ही निर्भर होते जा रही है।

सरकार के लिए तेल रूपी दुधारू गाय अगर जीएसटी के दायरे में आ जाती है तो फिर परिणाम देखिए। जीएसटी में 28 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे ऊंचा स्लैब है, मान लीजिए अगर पेट्रोल-डीजल को उसी स्लैब में रखें तो राज्य और केंद्र सरकार को मिलाकर 72% का सीधा नुकसान होगा। राज्यों के पास आय के साधन सीमित है। शराब और पेट्रोलियम उत्पाद पर टैक्स दो सबसे बड़ा जरिया है ।ऐसे में पेट्रोल-डीजल पर सरकार जो भी फैसला ले, उसमें राज्यऔर केंद्र दोनों के हितों का ख़्याल रखना जरूरी होगा।

**ऐसे में जो विकल्प सामने आते हैं :** पहला तरीका इस कमाई की भरपाई करने के लिए 28 फीसदी जीएसटी के अलावा सरचार्ज भी लगा दिया जाए। जैसे लग्जरी कारों पर केंद्र सरकार ने किया है।दूसरा तरीका ये हो सकता है कि केंद्र सरकार पहले बड़े मात्रा सेस लगावे फिर पूरे पर जीएसटी लगाए। और जीएसटी नॉन रिफंडेबल हो। उससे होने वाली आमदनी को केंद्र और राज्य सरकार बांट ले। समस्या यह है कि इसके लिए दोनों सरकारों को इस फॉर्मूले पर तैयार होना होगा जो कि राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी कठिन लगता है। जीएसटी को कम करके ऐसे चार कदम है जिससे सरकार को काफी लाभ हो सकता है और घाटा पूरा हो सकता है। सरकार को लोकलुभावन फैसलों पर कड़े और अनुशासित कदम उठाने पड़ेंगे। मुफ्त में अनाज देना गलत है। मनरेगा को सरकारी टेंडर से जोड़ देना चाहिए। ठेकेदारों को 50% लोगों को रोजगार देने को बाध्य करना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण सरकारी योजना अगर तय समय सीमा पर पूरा हो। इसका सुखद परिणाम सामने आयेगा ही। इसका जीता जागता उदाहरण बिहार पुल कॉरपोरेशन है। **(लेखक आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)**

# डिजिटली चुनाव प्रचार से प्रभावित होता है चुनाव परिणाम

**प्रियंका सौरभ**

**गूगल विज्ञापन** पारदर्शिता केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान, राजनीतिक दलों एवं उनके सहयोगियों ने पहली जनवरी से 10 अप्रैल के बीच अकेले गूगल के विज्ञापनों पर लगभग 117 करोड़ रुपये खर्च किये। डिजिटल अभियान खर्च में यह वृद्धि चुनावों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, जबकि राजनीतिक दलों के बीच कंटेंट विनियमन तथा निष्पक्षता के बारे में चिंता बढ़ाती है। अब चुनाव में डिजिटल अभियान एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है। मतदाताओं तक इसकी व्यापक पहुंच है। डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों सहित लाखों मतदाताओं तक पहुंचने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी जनसांख्यिकीय अभियान से वंचित न रह जाए। वर्ष 2019 के चुनाव के दौरान व्हाट्स ऐप के व्यापक उपयोग ने राजनीतिक दलों को पूरे भारत में ग्रामीण मतदाताओं से जुड़ने में मदद की। इससे चुनाव परिणाम काफी हद तक प्रभावित हुए। डिजिटल अभियान पारंपरिक मीडिया की तुलना में कहीं अधिक किफायती है, जिससे सीमित बजट वाले छोटे लोगों को भी प्रतिस्पर्धा करने एवं मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने की अनुमति मिलती है।

वर्ष 2015 के दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की डिजिटल रणनीति बड़ी पार्टियों की तुलना में न्यूनतम खर्च के बावजूद सफल साबित हुई।




डेटा एनालिटिक्स पार्टियों को विशिष्ट मतदाता वर्गों के लिए अनुरूपित संदेश बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे उनके मूल्यों एवं चिंताओं से मेल खाने वाले संदेशों के साथ सही दर्शकों तक पहुंचने की संभावना में सुधार होता है। ब्रेक्सिट सहित वैश्विक चुनावों के दौरान कैम्ब्रिज एनालिटिका की सूक्ष्म-लक्ष्यीकरण रणनीतियों ने दिखाया है कि कैसे लक्षित डिजिटल संदेश मतदाता व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। सोशल मीडिया मतदाताओं के साथ वास्तविक समय पर बातचीत करने में सक्षम बनाता है, जिससे राजनीतिक नेताओं को चिंताओं को तेजी से संबोधित करने, जनता की राय को आकार देने एवं तत्काल प्रतिक्रिया के आधार पर अभियान रणनीतियों को समायोजित करने की अनुमति मिलती है। प्रधानमंत्री की सक्रिय हैंडल (पुराना नाम ट्विटर) उपस्थिति ने उन्हें अपने पूरे राजनीतिक जीवन में मतदाताओं के साथ सीधा एवं निरंतर संवाद बनाए रखने की अनुमति दी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म विशेष रूप से सोशल मीडिया और युवा मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, जो राजनीतिक कंटेंट का ऑनलाइन उपभोग करने की अधिक संभावना रखते हैं, जिससे महत्वपूर्ण मतदाता आधार के साथ प्रभावी जुड़ाव सुनिश्चित होता है। वर्ष 2024 के चुनाव में राजनीतिक दलों की इंस्टाग्राम रणनीति विशेष रूप से युवा मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए डिजाइन की गई थी। डिजिटल अभियान, जब जिम्मेदारी से उपयोग किए जाते हैं, तो मतदाताओं को सीधे नीतियों के बारे में सूचित करके, उन्हें सूचित विकल्प चुनने में मदद करके एवं समग्र चुनावी भागीदारी को बढ़ाकर अधिक पारदर्शिता प्रदान कर सकते हैं। वर्ष 2020 के अमेरिकी चुनाव के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के डिजिटल टाउन हॉल ने महामारी प्रतिबंधों के बावजूद मतदाताओं को उनके साथ सीधे बातचीत करने की अनुमति दी।

### जिले में जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुआ सम्पन्न

# आयोग के नियमों का जिला प्रशासन द्वारा कराया गया अक्षरशः अनुपालन

## परीक्षा के पहले दिन 2487 व दूसरे दिन 2553 अभ्यर्थी हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में 21 और 22 सितंबर को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई, जिसमें पहली पाली में तृतीय पत्र, दूसरी पाली में द्वितीय पत्र और तीसरी पाली में प्रथम पत्र हुआ। पहले दिन कुल 5148 अभ्यर्थियों में से 2487 ने परीक्षा दी, जबकि 2661 अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन कुल 5079 अभ्यर्थियों में से 2553 ने परीक्षा दी, जबकि 2526 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए उपायुक्त ने जिले के अधिकारियों के साथ विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।



सभी परीक्षा केंद्रों में 24 अभ्यर्थियों की संख्या पर एक के अनुपात में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराई गई।

**अभ्यर्थियों ने क्या कहा :** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने परीक्षा के लिए पारदर्शी तरीके से पूरी तैयारी की थी और उन्होंने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दी।अभ्यर्थियों को डर था कि कहीं पेपर लीक से संबंधित मामला प्रकाश में न आ जाए, लेकिन राज्य सरकार ने परीक्षा के समय इंटरनेट सुविधाएं बंद कर दीं, जिससे पेपर लीक से संबंधित मामला या भ्रांतियां रोकने में मदद मिली।

# ढिबरा लदा ट्रक जप्त, चालक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


**डोमचांच (कोडरमा)।** वन विभाग व डोमचांच पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर ढिबरा लदे एक बारह चक्का ट्रक को जप्त किया। साथ ही मौके से चालक को भी गिरफ्तार किया गया। जप्त ट्रक में लगभग 22 टन ढिबरा लदा हुआ पाया गया। इस संबंध में प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी डोमचांच के द्वारा बताया गया कि वनरक्षी पिन्टू पंडित को गुप्त सूचना मिली कि कबराबूट पीएफ से अवैध रूप से खनन किये गये माईका/ढिबरा को एक बारह चक्का ट्रक संख्या जेएच02के-7553 पर लोड कर कोडरमा की ओर ले जाया जा रहा है। तत्पश्चात् वन गश्ती दल डोमचांच द्वारा घटनास्थल की ओर जाते वक्त उक्त ट्रक को महेशपुर चौक, डोमचांच के पास रोका गया एवं वाहन चालक से माईका एवं वाहन से संम्बधित चालान व कागजात की मांग किया गया, परन्तु वाहन चालक द्वारा माईका से संम्बधित किसी प्रकार का वैध चालान प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछ-ताछ पर ड्राईवर ने बताया कि उक्त ट्रक का मालिक मैं खुद हूं एवं माईका मालिक सुनील मेहता पिता स्व छोटन मेहता, कालीमंडा डोमचांच निवासी एवं सीताराम बर्णवाल, नावाडीह डोमचांच निवासी के द्वारा उक्त अवैध खनन किये गये माईका को बोरे में भरवाकर मेरे ट्रक में लोड करवाया गया था, जिसे मैं अपने ट्रक संख्या जेएच02एके-7553 से कोलकाता पश्चिम बंगाल ले जा रहा था। तत्पश्चात् वैध कागजात के अभाव में भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन वन अधिनियम 1989) की धारा 64 के तहत् सभी नामदज गवाहों के समक्ष ड्राईवर को गिरफ्तार किया गया एवं धारा 52 के तहत् उक्त ट्रक को जप्त किया गया। उक्त ट्रक में लगभग 450 बोरे में लगभग 22 टन माईका लोड है। तदोपरांत उपस्थित गवाहों के समक्ष घटना स्थल पर ही जप्ती सूची तैयार किया गया एवं जप्त ढिबरा लदे ट्रक को सुरक्षित वन प्रक्षेत्र कार्यालय डोमचांच (कोडरमा) के परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया।



# समाजसेवी जीतन साव का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड सबानो गांव के समाजसेवी जीतन साव का निधन हो गया है। उनके निधन पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। सांसद ने परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिया। जीतन साव के पुत्र लालमन साहू भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। जीतन साव भोजन करके पिछले शनिवार की रात सो रहे थे। अचानक ब्रेन हेमरेज हो जाने के कारण उनका निधन हो गया। इस घटना से परिजनों के बीच बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। मौके पर मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित साहू, अक्षयवट सिंह, दशरथ ठाकुर, भारत कुमार राणा, मनोज साहू, सहित अन्य लोग मौके पर उपस्थित थे।



## वन विभाग चालक संघ ने सामान्य वेतन की लगाई गुहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिला वन विभाग चालक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के श्रम एवं कौशल विकास मंत्री से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि वे वर्षों से वन विभाग में चालक के पद पर कार्यरत हैं और चतरा दक्षिण एवं चतरा उत्तर वन प्रमंडल के अधीन हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रांची में चालकों को 17200.00 रुपये और हजारीबाग में 16016.00 रुपये प्रति माह दिया जा रहा है, जबकि चतरा में उन्हें केवल 14560.00 रुपये प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है।

इस प्रकार, उन्हें प्रति माह लगभग 3000.00 रुपये कम भुगतान किया जा रहा है। इसलिए, उन्होंने अनुरोध किया कि जितना वेतन रांची और हजारीबाग में दिया जा रहा है।

### परिवर्तन यात्रा को लेकर विशाल सभा का आयोजन

# यहां के मुख्यमंत्री बेल पर हैं, ऐसी सरकार से राज्य का भला नहीं हो सकता : केशव प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा रविवार को कोडरमा पहुंची। वहीं सुभाष चौक से लेकर ब्लॉक मैदान तक परिवर्तन रथ पर सवार होकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक डॉ. नीरा यादव समेत अन्य भाजपा नेता कार्यक्रम स्थल ब्लॉक मैदान पहुंचे, जहां परिवर्तन सभा का आयोजन किया गया। परिवर्तन सभा में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए और उन्होंने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की हुंकार भरी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। ना सहेंगे, ना कहेंगे अब बदल के रहेंगे के नारे के साथ जनसभा की शुरुआत हुई। जिसे संबोधित करते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार के 5 साल पूरे होने को है, लेकिन जितने वादे सरकार बनने से पूर्व किए गए थे, सारे वादे अभी भी अधूरे हैं और राज्य की जनता ठगी हुई महसूस कर रही है। उन्होंने इस परिवर्तन रैली के जरिए हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लोगों को दिलाया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि फिलहाल झारखंड में जमानत वाली सरकार है। यहां के मुख्यमंत्री बेल पर हैं, ऐसी सरकार से राज्य का भला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राज्य में जब डबल इंजन की सरकार होगी तो रफ्तार भी डबल होगी और इसे साकार करने का समय आ गया है। वहीं मीडिया से बात करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जहां-जहां परिवर्तन यात्रा होती है वहां भाजपा की सरकार बनना तय हो जाता है और यहां भी इस परिवर्तन यात्रा के जरिए सत्ता का परिवर्तन का रास्ता तय हो गया है।



## जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**कोडरमा।** जिले में तीन पालियों में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी सीजीएल) भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम दिन भी परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित उक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 7080 परीक्षार्थियों में से मात्र 2264 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 4816 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गौरतलब हो कि प्रतियोगिता परीक्षा को निष्पक्ष, कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया था।

## विश्वकर्मा समाज की बैठक

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की बैठक समाज के डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर राणा की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि समाज के जिलाध्यक्ष सुभाष राणा शामिल हुए। बैठक के दौरान समाज को संगठित और सुदृढ करने के साथ साथ शिक्षित और नशामुक्त समाज का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। वहीं जिलाध्यक्ष श्री राणा ने कहा कि जागरूक और शिक्षित समाज ही सर्वांगीण विकास करता है, ऐसे में हमें संगठित होकर रहने की जरूरत है।

## कौशल किशोर ने यूपीएससी की परीक्षा पास की, बनें राजभाषा अधिकारी



**चतरा।** जिले का शैक्षणिक माहौल बदल रहा है, क्योंकि जिले के छात्र उग्रवाद के कलंक को मिटा रहे हैं। लावालौंग प्रखंड, जो कभी उग्रवाद से प्रभावित था, अब यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा पास करने वाले छात्रों का घर बन गया है। लावालौंग के बांदू गांव के कौशल किशोर ने यूपीएससी की परीक्षा पास की है और राज्यसभा अधिकारी बने हैं। कौशल किशोर की सफलता का श्रेय उनके माता-पिता, दीदी-जीजा, ईश्वर और गुरुजनों को जाता है।इससे पहले भी कौशल किशोर सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार के स्तर तक पहुंचे थे और केंद्र व राज्य के विभिन्न परीक्षाओं में भी अंतिम पड़ाव तक पहुंच चुके थे। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और यूपीएससी के माध्यम से चयनित हुए।कौशल किशोर पिछले दो महीनों से एकलव्य आदर्श प्लस टू विद्यालय हटगम्हरिया पश्चिमी सिंहभूम में प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष चतरा के अभिनव प्रकाश और स्वाति संदीप ने भी यूपीएससी की परीक्षा पास की थी और आईएएस बने थे।

## संवेदक शिड्यूल्ड दर से कम पर नहीं डालें टेंडरः मुखिया

**सिमरिया।** प्रखंड के जीरवाखुर्द के मुखिया मनोरंजन सिंह और ग्रामीणों ने संवेदकों से किसी भी योजना को शिड्यूल्ड दर से कम पर ना डालने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि संवेदक काम लेने के चक्कर में निर्धारित राशि से 20 से 30 प्रतिशत तक कम दर पर डालते हैं और योजना को ले लेते हैं। जिसके कारण निर्माण में घटिया सामग्री और कम मात्रा में सामग्री का उपयोग किया जाता है और योजना समयावधि के पूर्व ही खराब हो जाती है। चतरा रांची पथ जबड़ा से टूनदाग ग्राम भाया अरशेल तक पथ के सुदृढ़ीकरण कार्य का योजना झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा द्वारा ई अति अल्पकालीन निविदा हेतु सूचना जारी की गई है। निविदा की सूचना पर ही ग्रामीण और मुखिया ने यह कदम उठाए हैं ताकि सही तरीके से सड़क बन सके।

## कस्तूरबा विद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** रविवार को कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय कुन्दा में जिला जल एवं स्वच्छता समिति चतरा के निदेर्शानुसार जल सहिया द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना था। जल सहिया ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन इंदु भारती, जल सहिया रूपा सिन्हा, पिंकी देवी, सरिता देवी, सुनीता वर्मा और छात्राएं उपस्थित थीं।

## अजीत बर्णवाल बने राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ के पदाधिकारियों की बैठक में कोडरमा के अजीत बर्णवाल को झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हिरोडीह के राहुल कुमार मोदी को युवा इकाई का संगठन मंत्री बनाया गया है। उक्त घोषणा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र मोदी ने की। वहीं अजीत बर्णवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष और राहुल कुमार को संगठन मंत्री बनाये जाने पर संघ के केंद्रीय महासचिव प्रेमलाल, जिलाध्यक्ष अजय बर्णवाल, पंकज बर्णवाल, अशोक बर्णवाल, शंभू बर्णवाल, भोला कुमार, विनोद बर्णवाल, मनोहर मोदी, सूरज मोदी, निरंजन लाल, सतीश कुमार दीपू, सुजाता बर्णवाल, सविता बर्णवाल, कंचन बर्णवाल, संजीव समीर, मधु कुमारी, गीता देवी, अंजू देवी, रेखा देवी, नीलम देवी, मीरा देवी, आरके बसन्त, प्रकाश मोदी, बिनोद मोदी समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी पर राजद की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** राजद डोमचांच प्रखंड की बैठक रविवार को मेहता भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष मो.असलम ने किया, जबकि संचालन मुखिया पप्पु यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा की तैयारी एवं संगठन मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव एवं प्रदेश महासचिव अवधेश सिंह यादव मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ना है और कोडरमा विधान सभा की सीट राजद को हर हाल में जीताना है। उन्होने कहा कि हेमन्त सरकार की उपलब्धियां को घर-घर पहुंचाना है।

# पंचतत्व में विलीन हुए शिक्षाविद व समाजसेवी रामचन्द्र सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** इटखोरी प्रखंड के ग्राम बड़गांव के शिक्षाविद रामचंद्र सिंह का निधन शनिवार को चौपारण ब्लॉक मोड स्थित आवास पर हो गया और उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गाँव बड़गांव में रविवार सुबह किया गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में चल रहा था। वे एक प्रखर समाजसेवी और शिक्षा प्रेमी थे। उन्होंने 1960 से 1965 तक गिद्धौर प्रखंड के बारिसाखी, उसके बाद चतरा प्रखंड के होलमगढ़ा और फिर हजारीबाग जिले के शहीद भगत सिंह उच्च विद्यालय में अपना योगदान दिया। 1980 में वे मिडिल स्कूल चौपारण आए और वहाँ 20 साल तक योगदान देने के बाद 2000 ईस्वी में सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वे समाज सेवा में लग गए और ब्रम्हशी (भूमिहार) समाज के चतरा जिला अध्यक्ष बने। उनके कार्यकाल को सराहा गया और उन्हें कई बार जिला प्रशासन से पुरस्कृत भी किया गया। उनके अंतिम संस्कार में चतरा सांसद काली चरण सिंह, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, पूर्व कान्हाचट्टी जिला परिषद अरुण सिंह, सिमरिया के पूर्व जिला परिषद प्रकाश सिंह, युगल सिंह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, इटखोरी के सतीश सिंह, सुजीत भारती, उज्जवल दास, जीतन राम और कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, दूरभाष के माध्यम से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक अकेला यादव और पूर्व विधायक मनोज यादव ने भी शोक व्यक्त किया।

## जोरी वशिष्ठनगर थाना पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जोरी वशिष्ठनगर थाना पुलिस ने रविवार को नशा मुक्ति के लिए पोस्ता अफीम गांजा की खेती की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया। जोरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में जोरी वशिष्ठनगर थाना के समीक्ष पंचायत भवन में कई गांवों से आए स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के उपथिति में अफीम गांजा एवं पोस्ता खेती को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने ग्रामीणों को अफीम की खेती के दुष्परिणाम एवं कानूनी जानकारी दी।मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को समझाया गया कि अफीम एवं पोस्ता की खेती ना करें क्योंकि इससे काफी नुकसान होता है और कानून में इसकी कड़ी सजा का प्रावधान है।

ग्रामीणों ने पुलिस पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे लोग अफीम की खेती नहीं करेंगे। साथ ही स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर हंटरगंज के उप प्रमुख जोरी के मुखिया सहित पंचायत के महिला जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बाबा चौहरमल के वंशज पासवान (दुःसाध) समाज का रविवार को झुमरीतिलैया के गुरुद्वारा रोड स्थित पंजाबी धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पासवान एकता मंच, कोडरमा के तत्वाधान में पासवान (दुःसाध) समाज के मैट्रिक, इंटर और उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में समाज का नाम रौशन करने वालों को मेडल-ट्रॉफी व पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। साथ ही सामाजिक और दलित वर्ग के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने वाले समाज के लोगों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं समाज के सरकारी व गैर सरकारी सेवा क्षेत्र से सेवानिवृत और महिला-पुरुष बुजुर्गों को शॉल व पुष्पगुच्छ, मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं अभिभावक चंद्रदेव प्रसाद, शांति प्रिया, सच्चिदानंद पासवान, परमेश्वर पासवान, नीलम पासवान, राजकुमार पासवान, वीरेंद्र पासवान, महेश पासवान, अर्जुन पासवान, किशोर पासवान, मनोज पासवान और पासवान एकता मंच के अध्यक्ष विजय पासवान और महासचिव प्रेम पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।



वहीं बाबा चौहरमल, बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर, सावित्रीबाई फूले, राजा शैलेश की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के जिलाध्यक्ष विजय पासवान व संचालन प्रभात पासवान और रवि पासवान ने संयुक्त रूप से किया। वहीं भुनेश्वर पासवान ने सामाजिक सरोकार से जुड़ने और प्रेरित करने वाली कविता पाठ किया। मौके पर नगीना पासवान, राजेन्द्र पासवान, विजय पासवान, संजय पासवान, किशोर पासवान, कृष्णा पासवान, राजू पासवान, सुभाष पासवान, विकास पासवान, उमेश पासवान, राम उचित पासवान, संतोष पासवान, राजेश पासवान, चंदन पासवान, उषा देवी समेत भारी संख्या में महिला व बच्चे शामिल थे।

पासवान एकता मंच के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और समाज के पदाधिकारियों समेत बुद्धिजीवियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि पासवान एकता मंच का उद्देश्य पासवान (दुःसाध) समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर संगठित करने की है। कोई भी समाज संगठित हुए बिना अपने समाज को शैक्षणिक,सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संपन्नता का अधिकार के मामले में कामयाब नही हो सकती।

स्पीड न्यूज

### लक्ष्य फाउंडेशन ने केबुल टाउन में लगाया नेत्र जांच शिविर

**जमशेदपुर।** रविवार को लक्ष्य फाउंडेशन ने सामुदायिक भवन केबल टाउन में संजीव नेत्रालय के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सरयू राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लक्ष्य फाउंडेशन के संस्थापक विश्वनाथ दत्ता ने विधायक सरयू राय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और कार्यक्रम का समापन भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू का नेत्र जांच कर किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोगों ने अपना नेत्र जांच करवाया और लक्ष्य फाउंडेशन के सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

### विश्व रक्तदान दिवस पर रेडक्रॉस में मेगा कैंप 1 को

**जमशेदपुर।** 1 अक्टूबर को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस का रक्तदान महायज्ञ रेड क्रॉस भवन में प्रत्येक वर्ष की तरह बड़े पैमाने पर आयोजित होगा। बड़ी संख्या में रक्तदान के लिए रक्तदाताओं को आमंत्रित किया गया है।

### केके एजूकेशनल ट्रस्ट का सद्भावना दौड़ 2 को

**जमशेदपुर।** आगामी 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर केके एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट के संयोजन में साकची मुख्य गोलचक्कर से सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया है। इस दौड़ में सहयोगी की भूमिका में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम की एम्बुलेंस एवं फर्स्ट एड टीम के साथ ही 200 से अधिक कार्यकर्ता दौड़ में शामिल होंगे।

### कॉलोनी से सटाकर न बने पोस्टमार्टम हाउस : विकास सिंह

**जमशेदपुर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के मुहाने में स्थित पोस्टमार्टम हाउस को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता स्थानांतरण करके पुराने एमजीम थाने के बगल में बनवाना चाहते हैं विकास सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना ने पोस्टमार्टम हाउस के लिए जो जगह चिन्हित किया है वह जगह हिल व्यू कॉलोनी और रिपीट कॉलोनी से एकदम सटा हुआ रियाहशी इलाका के बगल में है । पोस्टमार्टम हाउस की स्थिति क्या रहती है या किसी से छुपी हुई नहीं है हिल व्यू कॉलोनी और रिपीट कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए नया बनने वाला पोस्टमार्टम हाउस गले की हड्डी बन जाएगा । लोग अपना घर बेचकर पलायन करने को मजबुर हो जाएंगे। भाजपा नेता विकास सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उपाय पूर्वी सिंहभूम से चिन्हित जगह में बनने वाले पोस्टमार्टम हाउस पर पुनः विचार करने की बात कही। विकास सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से सवाल देखते हुए पूछा कि बहरागोड़ा सैकड़ो एकड़ पहले उनके फार्म हाउस के बगल में क्या हुआ पोस्टमार्टम हाउस बनने देंगे।

### पूर्व डीडीसी सीताराम बारी की पत्नी का निधन



**जमशेदपुर।** कीताडीह निवासी, जमशेदपुर के पूर्व जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सीताराम बारी की धर्मपत्नी छाया बारी (63 वर्ष) का निधन इलाज के दौरान टाटा मेन हॉस्पिटल, जमशेदपुर में रविवार की सुबह करीब 4 हो गयी। ये अपने पीछे पति एवं पुत्र को छोड़ गयीं। चार-पांच दिनों पूर्व ही इन्हें अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। अंतिम संस्कार सोमवार को करीब 12 बजे पार्वती घाट (बिस्टुपुर) में किया जाएगा। तत्पश्चात अन्य कार्यक्रम चाईबासा, बामेयाबासा में होगा।

### बागबेड़ा के कुंवर सिंह मैदान में लगेगा शिविर

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा कॉलोनी स्थित कुंवर सिंह मैदान में उत्कृष्ट भारत के तत्वावधान में निःशुल्क हेल्थ कैंप लगेगा। इसे सफल बनाने को लेकर एक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता विशाल सिंह ने की। बैठक में पंसस सुनील गुप्ता भी उपस्थित थे।

# हिदायत खान ने चप्पल पहन कर ग्रहण की बाहेगुरु की तस्वीर, विरोध शुरू

- शैलेंद्र को धर्म नहीं, खुद की राजनीति चमकानी है : कुलविंदर सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के राष्ट्रीय संयोजक अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने जुगसलाई की महान सिख संगत को उनकी शानदार विरासत, इतिहास, मर्यादा पर पहरा देने की अपील की है। कुलविंदर सिंह के अनुसार जुगसलाई और रिफ्यूजी कलोनी की सिख संगत की भावना समर्पण की दुहाई हर गुरुद्वारे में दी जाती है कि पंथ के प्रति प्यार समर्पण सीखना है तो इनसे सीखिए।

लेकिन जुगसलाई की सिख संगत के अनदेखी के कारण देश-विदेश में जमशेदपुर की बदनामी हो रही है। जुगसलाई नहीं बल्कि सारी संगत जानती है कि शैलेंद्र सिंह को धर्म और पंथिक मर्यादा से कोई मतलब नहीं है बल्कि अपनी राजनीति चमकाते हैं। कभी कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थन में वोट देने की अपील करते हैं और कब बीजेपी के बड़े नेताओं के पास जाकर सिखों के लिए टिकट मांगने लगते हैं। यह इतने कमजोर और याचक बन गए हैं कि सामने वाला सिखों को कमजोर समझने लगा है।

तभी तो जब झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनने पर हिदायतुल्लाह खान को बधाई देने गए उन्हें गुरु नानक देव जी की तस्वीर भेंट की, उसने पैरों में चप्पल पहन रखी है और सर भी नंगा है। जो इंसान अपने आप को झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का प्रधान एवं तख्त श्री हर मन्दिर जी पटना साहेब जैसे पवित्र स्थल का पूर्व कार्यकारी प्रधान बताता है, उसकी करतूत से हर सिख का सर झुकता है और शर्मिंद्गी का एहसास होता है। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा एवं दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल हुए और इन्होंने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की तस्वीर भेंट की।

उसकी फोटो प्रेस में आई है जो सिखों को शर्मसार कर रही है कि राज्य मंत्री ने सर नहीं ढका है और वह श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की फोटो ग्रहण कर रहा है। यहां नित्यानंद राय से यह सिख बहुल इलाका से टिकट देने की मांग करते हैं। कुलविंदर सिंह के अनुसार उन्होंने हिदायतुल्लाह प्रकरण को सेंट्रल कमेटी के बैठक में उठाया था तो सरदार भगवान सिंह ने भी शैलेंद्र सिंह की हिमायत की थी और उन्हें धक्के मरवा कर बैठक से बाहर करवा दिया था। संगत को समझ जाना चाहिए कि इन्हें पद चाहिए, पंथिक मर्यादा तार तार होती रहे उसे इनको कोई मतलब नहीं है। अगर जुगसलाई की संगत सही में धर्म प्रेमी है तो उन्हें कमेटी के प्रधान महेंद्र सिंह पर दबाव बनाना चाहिए कि शैलेंद्र सिंह को कमेटी से बाहर का रास्ता दिखाएं क्योंकि उनके कारण पंथ की बदनामी होती है।



चप्पल पहने हिदायत खान को गुरुनानक देव जी की तस्वीर भेंट करते सरदार शैलेंद्र सिंह व साथी सिख।

# कोल्हान परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ आज चित्रेश्वरधाम से करेगी भाजपा

- बहरागोड़ा में है चित्रेश्वरधाम, केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान करेंगे रथ रवाना
- बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा भी रहेंगे साथ, भरेंगे झामुमो के खिलाफ हुंकार सुसज्जित रथ से की गयी है रोड शो की तैयारी, वृहद परिवर्तन रैली की तैयारी



परिवर्तन रैली के लिए चित्रेश्वरधाम में बना भव्य मंच।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड के छह सांगठनिक प्रमंडलों में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। इस क्रम में, कोल्हान प्रमंडल में भाजपा 23 सितंबर से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करने जा रही है। इस यात्रा की शुरुआत बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पवित्र चित्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ होगी। परिवर्तन यात्रा के तहत बहरागोड़ा शाखा मैदान (नेताजी सुभाष पार्क के समीप) में सुबह 11 बजे विशाल जनसभा का आयोजन होगा। इस सभा में केंद्रीय षि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी समेत जिले के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

परिवर्तन यात्रा के कोल्हान प्रभारी सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी ने बताया कि जनसभा के जरिये आमजनों को झामुमो-कांग्रेस एवं राजद गठबंधन सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। कोल्हान प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का समापन 2 अक्टूबर को चाईबासा में होगा। इस यात्रा के माध्यम से राज्य की जनता को वर्तमान हेमंत सरकार के पांच साल की नाकामियों, कुव्यवस्था, भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, निरंकुशता और बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठ से आदिवासी जनसंख्या में हो रहे बदलाव से जनता को अवगत कराया जाएगा। परिवर्तन यात्रा के दौरान एक सुसज्जित रथ-नुमा मंच से नेताओं के भाषण होंगे और जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। परिवर्तन यात्रा में प्रत्येक गांव, क्षेत्र, कस्बों के हजारों लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

डॉ गोस्वामी ने बताया कि परिवर्तन यात्रा बहरागोड़ा से माटीहाना, मानुषमुढ़ीया होते हुए चाकुलिया पहुंचेगी, जहां भाजपा कार्यकर्ता और आमजनता के द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत होगा। इसके बाद यात्रा नूतनगढ़, धालभूमगढ़ होते हुए घाटशिला के राजस्टेट मैदान में पहुंचेगी, जहां शाम 4 बजे एक विशाल जनसभा होगी। इस जनसभा में पार्टी के शीर्ष नेता झारखंड में झामुमो सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे और जनता से परिवर्तन का आह्वान करेंगे।

**शहरी क्षेत्र में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में हो रही तैयारी**

जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा में होने वाले परिवर्तन यात्रा की सफलता और जनभागीदारी को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर भी व्यापक तैयारी कर रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में मंडल स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित कर सभा एवं रोड शो की सफलता को लेकर रूपरेखा बनाई गई है। इसमें पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत विधानसभा क्षेत्र के कई वरीय नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। परिवर्तन यात्रा एवं रोड शो को लेकर जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## एक नजर में

### मंत्री रामदास सोरेन ने की सांगठनिक बैठक



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला पुर्वीसिंहभुम के जिलाध्यक्ष सह मंत्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में जिला के अनुषाांगक ईकाइयों के अध्यक्ष-सचिव एंव कोषाध्यक्ष के साथ जमशेदपुर परिसदन में बैठक की। जिसमें ईकाइयों के अध्यक्ष-सचिव को निर्देश दिया गया कि 15 दिनों के अंदर जिला समिति प्रखंड समिति एंव पंचायत समिति गठन कर जिलाध्यक्ष को सूचित करें। बैठक में वरिष्ठ नेता वीर सिंह सुरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सागेण पुर्ती, जिला कोषाध्यक्ष कालीपदो गोराई, कार्यालय सचिव प्रीतम हेम्ब्रम, झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, झारखंड महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, झारखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष, झारखंड क्रिड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष, दलित मोर्चा के जिला अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष उपस्थित थे।

### जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा रहे हैं विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** रविवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधायक निधि से निर्मित गदरा पंचायत के गांधीनगर में 500 फीट पेबैर्स ब्लक पथ का उद्घाटन किया। यह सड़क गांधीनगर में अवधेश साहू के घर से सिपाही जी के घर तक बनी है। इस सड़क के निर्माण से पूरे गांधीनगर क्षेत्र के सभी ग्रामीण काफी उत्साहित हैं। उद्घाटन के दौरान सभी लोगों ने मिलकर मंगल कालिंदी जिंदाबाद के नारे भी लगे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांधीनगर कालोनी के संस्थापक मास्टर जी, मिथुन चक्रवर्ती जितेंद्र सिंह बिरजू पत्र विश्वजीत भगत पहाड़ सिंह राकेश सिंह उदय मिश्र नितिन हसदा मोहम्मद चिंटू उत्तरी काली माटी के मुखिया उमेश पुराण एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए।

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने जुटाये 137 यूनिट रक्त



**जमशेदपुर।** रविवार को मिथिला सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर ने रक्तदान शिविर का आयोजन विधापति परिसर (गोलमुरी) में किया। शिविर में कुल 137 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के तौर पर जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयु राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डाक्टर ए एन झा तथा सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा मुख्य हास्पिटल के विशेषज्ञ न्यूरो सर्जन डाक्टर जीवेश मल्लिक उपस्थित थे। दोनों डाक्टरों ने रक्तदान के महत्व एवं इसके उपयोग पर विस्तृत जानकारियां दी। बताया कि आप एक बार रक्तदान कर तीन लोगों की जान बचा सकते हैं। मुख्य अतिथि माननीय विधायक ने रक्तदान के संयोजक आकाश मिश्रा, पण्डित बिपीन झा, शिवचंद्र झा एवं अनिल झा को पाग एवं शाल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया। विधायक ने संस्था को रक्तदान शिविर लगाने के लिए बधाई दी एवं रक्तदाता का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन राजेश झा एवं स्वागत भाषण परिषद के अध्यक्ष मोहन ठाकुर ने दिया। इस अवसर पर आनंद बिहारी दुबे, विजय खॉ तथा शहर एवं मिथिला समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। परिषद के महासचिव श्री धर्मेश कुमार झा ने अपने कार्यकारिणी तथा समस्त रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समस्त कार्यकारिणी सदस्य तथा परिषद के पुर्व अध्यक्ष एवं महासचिव मौजूद थे। कार्यक्रम के अन्त में श्री शिवचंद्र झा ने सभी का धन्यवाद कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गदड़ा के शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान




>> करनडीह के प्रेम पिंगुआ ने 29वीं बार किया रक्तदान

**जमशेदपुर।** छोटानागपुर वेलफेयर सोसाइटी छोटा गदड़ा और नई जिंद्गी परिवार जमशेदपुर के सौजन्य से ओत गुरु कोल लाको बोदरा के 105वीं जन्मोत्सव पर छोटा गदड़ा में कुल 60 युवाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाता अपने अपने पारंपरिक परिधान में आकर रक्तदान किये। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और सरप्राइज अतिथि हो एवं संताली फिल्म सिने स्टार राजुराज बिरुली तथा ग्राम प्रधान सुखलाल हेम्ब्रम उपस्थित थे। करनडीह निवासी प्रेम पिंगुआ ने शिविर में अपने जीवन का कुल 29वीं बार रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बने हुए हैं। वीवीडीए के सचिव श्रीराम सिंह एवं गदड़ा ग्राम प्रधान सुखलाल हेम्ब्रम ने उन्हें जमशेदपुर ब्लड सेंटर का सुंदर सा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सभी रक्तदाताओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र के साथ साथ विशेष रूप में उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## अंशकालीन शिक्षकों ने मंत्री दीपक बिरुआ को सौंपा मांग पत्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**गम्हरिया।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय मे नियुक्त अंशकालीन शिक्षक कर्मचारियों ने राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ से मिल कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने अंशकालीन शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने की मांग की बताया कि उनकी नियुक्ति वर्ष 2016 में की गई थी। नियुक्ति के इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद भी उन्हें अभी तक मात्र 200/- रुपए प्रति घंटी के दर से ही मानदेय मिलता है और कार्य सप्ताह में पांच दिन ही मिलता है। जब सरकारी छुट्टी रहती है तो उनक मानदेय नहीं मिलता है। झारखंड के सभी विभाग के कर्मचारियों को कुछ न कुछ लाभ मिलता रहा है।

## अंतिम दिन भी सीजेएल की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का दूसरा व अंतिम दिन शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न हुआ। जिला अंतर्गत कुल 82 केन्द्रों में तीन पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 37368 परीक्षार्थियों को आज शामिल होना था, जिसमें 19111 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल

**डीसी और एसएसपी ने भी लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा**

समेत अन्य प्रशासनिक- पुलिस पदाधिकारियों ने पूरी परीक्षा प्रकिया का अनुश्रवण किया। वहीं प्रतिनियुक्त प्रशासनिक- पुलिस पदाधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर बारीकी से पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर नजर रखी तथा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से भी निगरानी रखी गयी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 82 केंद्राधीक्षक, 82 स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा उड़नदस्ता दल के साथ 41 का पुलिस बल व सभी केन्द्रों में 41 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया था। इसके अलावा 1000 से ज्यादा वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति रही। परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गयी थी। जिला प्रशासन के द्वारा होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लज, हस्टल आदि में लगातार चेकिंग चलाई गई। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा, बायोमीट्रिक से अटेडेंस की व्यवस्था थी। वहीं पूरी तरह से जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया।

## जगन्नाथ बेहरा मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन अफ झारखंड के सचिव एस के तोमर द्वारा मनोनीत चुनावर्धरिटर्निंग अधिकारी अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट अवतार सिंह और पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट गुरदेव सिंह सहायक चुनाव पर्यवेक्षक मानिक लाल चटर्जी की उपस्थिति में जमशेदपुर के साक्ची स्थित बंगाल क्लब के सभागृह में रविवार को पूर्वाहन 11 बजे से मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन अफ पूर्वी सिंहभूम की पहली वार्षिक आम सभा और वित्तीय वर्ष 2024 से 2028 तक (3 वर्षों) के लिए नई कार्यकारिणी समिति का विधिवत सर्वसम्मति से (सांगठनिक) चुनाव व नयी समिति का गठन संपन्न हुआ। आम सभा की बैठक की अध्यक्षता मास्टर एथलीट अवतार सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत संबोधन से हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व उप विकास आयुक्त पूर्वी सिंहभूम बी माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह टाटा स्टील स्पोर्ट्स एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष संजय सिंह और पूर्व वरीय मास्टर एथलीटों को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया।

## रेडक्रॉस का 738वां नेत्र शिविर शुरू



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से एम सी के एस फूड फॉर हंगरी के संयोजन में 738वां नेत्र शिविर का शुभारंभ आज बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा 52 नेत्र रोगियों के नेत्र जांच के साथ हुआ, जिसमें से 28 नेत्र रोगियों का चयन मोतियाबिंद ग्रस्त रोगियों के रूप में किया गया, जिनके स्वास्थ्य जांच के पश्चात उपयुक्त नेत्र रोगियों का ऑपरेशन वं लेंस प्रत्यारोपण राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में किया जायेगा।

## समाज और इंडस्ट्री की बदलती जरूरतों के अनुसार प्रबंधन पाठ्यक्रम में बदलाव जरूरी : सीथाराम

- एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में हुआ इंडियन मैनेजमेंट कन्क्लेव का समापन
- एआइसीटीइ के चेयरमैन डॉ. टीजी सीथाराम ने भी लिया हिस्सा




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में दो दिवसीय (20-21 सितंबर) इंडियन मैनेजमेंट कन्क्लेव का आयोजन किया गया। एमबीएयूनिवर्सक्रम के सहयोग से आयोजित इस कन्क्लेव में देश के कई आइआइएम, आइआइटी, एक्सएलआरआइ, एसपी जेआइएमआर जैसे कॉलेजों के साथ ही उबर, एक्सिस बैंक, डेलयट समेत देश के अलग-अलग सेक्टर से जुड़े करीब 200 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एआइसीटीई के चेयरमैन डा.टीजी सिथाराम जबकि वक्ता के रूप में फ्रांस के प्रसिद्ध केज बिजनेस स्कूल के डायरेक्टर जनरल अलेक्जेंडर डी नेवेल्स मौजूद थे।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय एमबीए कार्यक्रमों के पुनर्गठन के लिए समकालीन भूमिकाओं और क्षमताओं की पहचान था। इस दौरान तय की गयी विषय पर कई महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई। एआइसीटीई के चेयरमैन डा. टीजी सिथाराम ने कहा कि हर क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है। इस बदलाव के दौर में यह जरूरी है कि समय-समय पर इंडस्ट्री व समाज की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कोर्स डिजाइन किए जाएं। इस प्रकार के आयोजन को उन्होंने काफी लाभकारी बताया। एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जर्ज ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया साथ ही इंडियन मैनेजमेंट कन्क्लेव के महत्व पर बल दिया।

**150 रिसर्च पेपर आये, 50 पेपर प्रस्तुत :** इस कन्क्लेव में मैनेजमेंट एजुकेशन पर आधारित कुल 150 रिसर्च पेपर आए थे। हालांकि इनमें से केवल 50 पेपर ही प्रस्तुत करने के लिए चुने गए। 45 से अधिक प्रमुख बी-स्कूलों ने आईएमसी अवार्ड फर एक्सीलेंस इन मैनेजमेंट एजुकेशन 2024 में हिस्सा लिया।

**इन्होंने भी किया संबोधित :** इस दौरान टाटा टेक्नोलजीज के ग्लोबल एचआर व शिक्षा के अध्यक्ष पवन भागेरिया, आईटीसी के कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक और एएसीएसबी इंटरनेशनल (एशिया पैसिफिक) के प्रबंध निदेशक डा. जेफ पेरी, एमबीएयूनिवर्सक्रम के संस्थापक अमित अग्निहोत्री के अपनी बातों को रखा।

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र जहां रसीद कटवाने के लिए देना पड़ता है रिश्वत

# भारत माता की जय के साथ सम्पन्न होती है गिरिनाथ सिंह की सभा



सभा में गिरिनाथ सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से बतौर प्रत्याशी पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लोगों के जमीन की रसीद तक नहीं कट रही है। अगर किसी की रसीद कट भी रही है तो उसके लिए उसे रिश्वत देनी पड़ती है। पूरे क्षेत्र में लूट मची हुई है। गढ़वा और मेराल भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है। मंत्री और डीसी के संरक्षण में लोग निडर होकर लूट का तांडव मच रहे हैं। श्री सिंह अपनी जमीनी पकड़ को एक बार फिर से सार्थक बनाने में जुटे हैं। वह इस बार विधानसभा चुनाव को फतह करने के लिए दिन-रात जनसंपर्क कर रहे हैं। उनकी जनसभा की खासियत यह है कि उसकी समापन भारत माता की जय के नारे के साथ होती है। गिरिनाथ सिंह परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा के दौरान संग्रहे खुर्द पंचायत के गिद्धा, नवाडीह पहुंचे। वहां आयोजित सभा में गिरिनाथ सिंह ने कहा कि उनके लिए ये गांव नया नहीं हैं उन्हें जब भी सेवा करने का मौका मिलता है वह यहां आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब वह यहां आते थे तो उनके पास सरकारी राशि कम आवंटित रहा करती थी। लेकिन आज फंड की कमी नहीं है। लेकिन आपको अपने हक के लिए ही लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि उनका वादा है आप परिवर्तन यात्रा में शामिल होकर भ्रष्टाचार से लड़ने में उनका साथ दें, वह उन्हें स्वच्छ विकास का वातावरण देंगे। वह पहले जैसा बालू फ्री करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने गरीबी मिटाने के लिए शिक्षा को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि वह यहां स्कूल बनवाए थे। आप सब का साथ मिला तो इंटर कॉलेज बनवाऊंगा। सरकार युवाओं के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। बेरोजगारी हटाने के नाम पर सिर्फ लूट मचा हुआ है। आज रंका प्रखंड अंतर्गत रंका में बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें पूर्व मंत्री ने कार्यकताओं को चुनाव जितने का मंत्र दिया। अंत में पूर्व मंत्री ने कहा कि आज वोट नहीं है। ना हम आपसे वोट मांगने आए हैं। वह सिर्फ आपका साथ मांगने आए हैं।

हम सब साथ मिलकर क्षेत्र को आगे बढ़ने का काम करेंगे और अपने क्षेत्र को एक मुकाम पर पहुंचाएंगे और इसे भ्रष्टाचार मुक्त क्षेत्र बनाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यनारायण यादव, लक्ष्मण पासवान, शिवनाथ चौधरी, रविंद्र सिंह, बाबुल सिंह, सुल्तानी सिंह, सुनील माली, भगवत सिंह, संजय पासवान, डॉक्टर गौरी शंकर प्रसाद, अशोक सिंह, मास्टर ट्रेनर के रूप में अमरजीत सिंह और सुधाकर पांडेय, सुरेश सिंह, मोहन राम, सलीम अंसारी, शिवशंकर शर्मा, टोहन सिंह, हरिशंकर रजक, डॉ बीरबल विश्वकर्मा, उदय सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# झारखंड की सरकार एक झूठ की ऑटोमैटिक मशीन है : मौर्य

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन केशव प्रसाद मौर्य, बाबूलाल मरांडी व अन्य

**रंका/गढ़वा।** भ्रष्टाचारियों ने सोचा था कि 2024 में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देंगे, लेकिन जब मोदी प्रधानमंत्री बन गए, तो भ्रष्टाचारी घबराए हुए हैं। वे देशविरोधी ताकतों के साथ हाथ मिला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 हटा दिया, तो कांग्रेस कहने लगी कि कश्मीर में आकर 370 को वापस लाकर 'दो संविधान, दो विधान' बनाएंगे। यह बातें आज गढ़वा जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय के हाई स्कूल के मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही झारखंड की सरकार एक झूठ की अटोमैटिक मशीन है।

इस सरकार के पांच साल झारखंड की बर्बादी, संगठित लूट, वादा खिलाफी और घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए याद किए जाएंगे। श्री मौर्य ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार झारखंड में विकास की नई गाथा लिखेगी, जहां समाज के सभी वर्गों और तबकों को सरकार से बिना किसी भेदभाव के लाभ मिलेगा। साथ ही, झारखंड की सबसे बड़ी समस्या बन चुके अवैध घुसपैठियों को बाबूलाल मरांडी ही खदेड़ेंगे और भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश का निर्माण करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का कार्यक्रम झारखंड को कोयला, लोहा, और जमीन की लूट करने वालों से बचाने और भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान गढ़ने वालों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इसी रंका शहर में हेमंत सोरेन ने मंच से वादा किया था कि वे माता-बहनों को साल में 72 हजार रुपये, चूल्हा खर्च के लिए दो हजार रुपये, बुजुर्गों को ढाई हजार रुपये मासिक पेंशन, और 5 लाख नौजवानों को नौकरी देंगे। लेकिन इन वादों का क्या हुआ? उल्टा, उत्पाद विभाग में सिपाही भर्ती के लिए आयोजित दौड़ में 19 नौजवानों की जान चली गई।

सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा था कि नौकरी न मिलने की स्थिति में नौजवानों को 5,000 रुपये मासिक दिए जाएंगे, लेकिन यह वादा भी आूरा रहा।

झारखंड की भोली-भाली जनता को ललीपप दिखाकर ठगा गया, मगर अब यह खेल खत्म हो चुका है। भाजपा की सरकार बनने के बाद माता-बहनों को सम्मान, नौजवानों को रोजगार मिलेगा, और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा, गैरमजरूआ भूमि और भूमि डिजिटाइजेशन की समस्या का भी समाधान किया जाएगा। सरकार बनने के बाद गैरमजरूआ भूमि का पट्टा आदिवासियों और उनके हकदारों को दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी और दलित समाज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीबों, आदिवासियों, पिछड़ों और दलितों की गैरमजरूआ जमीन, जिस पर वे वर्षों से खेती-बाड़ी करते आए हैं, उन्हें अब तक मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। जब जमीन का कागज बनाने का समय आया, तो अधिकारियों ने इन गरीबों से संपर्क नहीं किया और राजा-ज़मींदार हजारों एकड़ जमीन के मालिक बन गए। तिवारी ने बाबूलाल मरांडी से मांग की कि अगली भाजपा सरकार में इन गरीबों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाने का काम किया जाए। कार्यक्रम को सांसद बीडी राम, पूर्व विाायक सतेन्द्र नाथ तिवारी, सहाय, और अलखनाथ पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मेदिनीनगर विधायक आलोक चौरसिया, राजीव राज तिवारी, मुकेश निरंजन सिन्हा, जवाहर पासवान और मनोज कुमार सिंह समेत कई अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# पत्रकार मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष

**मझिआंव।** गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित उत्सव गार्डेन में एआईएसएम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पत्रकार मिलन सह सम्मान समारोह एवं सकारात्मक पत्रकारिता व दायित्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार जायसवाल, प्रदेश सचिव प्रवीण कुमार पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष सत्यम जायसवाल, गढ़वा ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनूप सिंह, महासचिव अमित कुमार मेहता,समाजसेवी अनूप कुमार दुबे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की सुरुआत की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ए आई एस एम के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र जायसवाल ने कहा कि आज के समय में पत्रकारों के ऊपर समाज का बड़ा दायित्व है। इसलिए सकारात्मक पत्रकारिता करें। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीतम सिंह भाटिया पत्रकार हित में हमेशा ही सरकार से लड़ाई लड़ रहे हैं और इस बारे में माननीय न्यायालय में भी जनहित याचिका दायर करने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर जो आये दिन हमले हो रहे हैं उसका मुख्य कारण है एक पक्षीय पत्रकारिता। आरोप प्रत्यारोप में दोनों पक्षों का बयान शामिल करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों में एकताआवश्यक है।आज के समय में पत्रकार हित में न तो सरकार का ध्यान है और न किसी सांसद, विधायक पत्रकारों का भला करना चाहते हैं। यहां तक कि पत्रकार के विरोध में षडयंत्र कर उन्हें फर्जी मामले में फंसाया जा रहा है।कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश सचिव प्रवीण कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार के सभी दावे खोखलेसाबित हो रहे हैं।हेमंत सरकार ने पत्रकार बीमा योजना एवं पत्रकार सम्मान योजना लागू करने का आस्वासन दिया था

लेकिन इसपर कोई सार्थक पहल नहीं की गई और यह केवल भाषणबाजी तक ही सीमित रह गई।वक्ताओं ने सभी पत्रकारों (चाहे वे किसी भी संघ के बैनर तले हों)को एकता के सूत्र में बंधकर पत्रकार हित के बारे में कार्यक्रम चलाकर एक होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष द्वारा न्यूज11चैनल के जिला ब्यूरो अरुण कुमार यादव को ए आई एस एम का शहरी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव प्रवीण कुमार पांडेय,दिनेश बनर्जी, समाजसेवी अनूप कुमार दुबे उर्फ मीनू दुबे आदि अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि उपस्थित पत्रकारों को डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद समापन किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रमंडलीय अध्यक्ष सत्यम जायसवाल द्वारा किया गया।मौके पर अजित रंजन, राजीव कमलापुरी, नवनीत कमलापुरी, लवकुश पांडेय, चंद्रशेखर तिवारी, आकाश दीप कुमार, अमित वर्मा, अमित मेहता, रवि कुमार, दिनेश गुप्ता, रोहित रंजन, शुभम जायसवाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति का निधन

**पटना।** पद्मश्री, पद्मविभूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा का निधन रविवार को इलाज के दौरान हो गया। करीब 80 साल के रहे डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा दो दिन पहले गिर गये थे। गिरने से उनके सिर में चोट आयी थी, जिससे ब्रेन हेमरेज हो गया था। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान ने कहा कि दो दिन पहले घर में ही गिर जाने की वजह से उनके सिर में चोट आई थी। चोट से ब्रेन हेमरेज हो गया। इसके बाद उन्हें श्री साईं हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां वो वेटिलेटर पर थे। डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा शिक्षा विभाग में रिजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे। शारदा सिन्हा को गायिकी के इस मुकाम पर पहुंचाने में उनके पति ब्रज किशोर सिन्हा की भूमिका अहम रही। ये बातें शारदा सिन्हा ने साक्षात्कार में कई बार कहा है। शारदा सिन्हा ने 08 मई, 2020 को विवाह की 50वीं वर्षगांठ मनाया था। विवाह के बाद से ही शारदा सिन्हा को गायिकी के क्षेत्र में पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में ब्रज किशोर सिन्हा ने हमेशा उनका साथ दिया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दरगाह हजरत शाहजलाल शहीद रहमतुल्लाह अलैहि के मजार पर सालाना उर्स के मौका पर चादरपोशी करते

# अवैध हथियार एवं कफ सिरप के साथ 6 गिरफ्तार

**सहरसा।** जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं उन्मूलन को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़े पैमाने पर अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है। वहीं शराब बंदी कानून को शख्ती से पालन को लेकर इस कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रविवार को सीतामढ़ी जिले में अवस्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम के लिए सड़क एवं रेल सम्पर्कता के संबंध में पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से यह अनुरोध किया है कि केंद्र सरकार द्वारा बनाये जा रहे अयोध्या से सीतामढ़ी जिले तक राम-जानकी मार्ग के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित मंत्रालय को निदेश दें ताकि अयोध्या से पुनौरा धाम आवागमन में श्रद्धालुओं को सुविधा हो। साथ ही यह भी आग्रह किया है कि अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच एक वंदे भारत ट्रेन के परिचालन के लिए रेल मंत्रालय को निर्देश दें। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि इस मार्ग के बन जाने से श्रद्धालुओं को अयोध्या के साथ ही मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम आने में सुविधा होगी। पत्र में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा है कि सर्वप्रथम मैं आपको अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण एवं पवित्र नगरी अयोध्या के विकास के लिए किये गये कार्यों के लिये बधाई देता हूं। मुझे आपको यह बताते हुये अत्यंत खुशी हो रही है कि बिहार राज्य के अन्तर्गत सीतामढ़ी जिले में अवस्थित पुनौरा धाम माता सीता की जन्मस्थली के रूप में विख्यात है। भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या की तरह ही माता सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम का भी वृहद धार्मिक महत्व है। बिहार सरकार द्वारा यहां पर 50 एकड़ भूमि को अधिग्रहित कर पुनौरा धाम अन्तर्गत मां सीता के मंदिर परिसर के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि यह संतोष का विषय है कि केंद्र सरकार द्वारा अयोध्या से सीतामढी जिले तक राम-जानकी मार्ग के निर्माण हेतु कार्य किया जा रहा है। इस मार्ग के बन जाने से श्रद्धालुओं को अयोध्या के साथ ही मां सीता के जन्मस्थली पुनौरा धाम आने में सुविधा होगी।

# ठगा हुआ महसूस कर रही है जनता, कान पड़कर माफी मांगे हेमंत : बाबूलाल



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार में राज्य की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। अपने वादा खिलाफी के लिए हेमंत सोरेन को मोरहाबादी मैदान में कान पड़कर माफी मांगनी चाहिए। परिवर्तन यात्रा के दौरान गढ़वा आगमन पर श्री मरांडी ने रविवार को सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री मरांडी ने झामुमो पर परिवारवाद और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के 2019 के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादे अब तक अधूरे हैं। जिससे राज्य की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो के समर्पित नेता चंपई सोरेन और लोबिन जैसे लोग पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्हें झामुमो में अपना भविष्य अंधकारमय लग रहा था। मरांडी ने यह भी दावा किया कि झामुमो के कई विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। श्री मरांडी ने झारखंड सरकार द्वारा कदाचार रोकने के नाम पर इंटरनेट सेवाएं बंद करने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा की डिजिटल परिवर्तन यात्रा प्रभावित हो रही है और आम जनता को भी जरूरी सेवाओं में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस परीक्षा के नाम पर इंटरनेट बंद किया गया, उसमें भी गड़बड़ियों की संभावना है। झामुमो सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं की। जिनमें महिलाओं को चूल्हा खर्च, युवाओं को नौकरी, पेंशन और ग्रीन कार्ड के जरिए अनाज देने जैसे वादे शामिल थे। उन्होंने कह कि सरकार की नीतियों के कारण बेरोजगार युवाओं की समस्याएं और बढ़ गई हैं। भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं से उनकी जानें भी जा रही हैं। मैके पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# स्वावलंबी सहकारिता का वार्षिक आम सभा आयोजित



उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के टाटीदीरी पंचायत भवन में आजीविका महिला संकुल संगठन प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लि. का वार्षिक आम सभा का बैठक किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनील कुमार, मुखिया सगुनी राम, पूर्व जिला परिषद सदस्य जानकी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सुनिल कुमार ने कहा कि आज सरकार के द्वारा महिलाओ के सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाई जा रही है, जिसमे समूह में जुड़े हुए दीदी को विभिन्न प्रकार के लोन प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में सीऐलएफ के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आगामी वितीय के प्लान और पिछले वितीय वर्ष के लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। पूर्व जिला परिषद सदस्य जानकी सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा महिलाओं को मईया योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगो से अनुरोध किया कि जो लोग समूह में नहीं जोड़े है वो सभी लोग जुड़ कर अपनी आजीविका को मजबूत करे। कार्यक्रम को समाज सेवी धीरेंद्र यादव, बीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर मुखिया सगुनि राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धिरेन्द्र कुमार, उपमुखिया नीरज कुमार, वार्ड सदस्य फिरोज अंसारी, अमरजीत कुमार, सीसी मिथलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, बीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता, रेखा देवी, माया देवी सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

# सीमांचल में हिंदू स्वाभिमान यात्रा 18 से 22 अक्टूबर तक,मंत्री गिरीराज सिंह लेंगे भाग



एजेंसी

**अररिया।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी हिंसा हत्या एवं हिन्दू बहन बेटियों पर हुए अत्याचार के विरुद्ध आगामी 18 से 22 अक्टूबर के बीच सीमा क्षेत्र में हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकलेगी।जिसकी अगुवाई प्रमुख साधु संत के साथ केंद्रीय मंत्री और जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय मार्गदर्शक गिरीराज सिंह करेंगें। उक्त आशय की जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष व हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के सह समन्वयक प्रवीण कुमार ने भाजपा कार्यालय में आयोजित अररिया जिला समन्वय सह संचालन समिति के बैठक के उपरांत दी।यात्रा के सह समन्यवक कुमार एवं सह समन्वयक व धर्म जागरण के प्रांत संयोजक विजय यादव सहित हिंदू स्वाभिमान यात्रा संचालन समिति अररिया जिला के सदस्य आरएसएस के नागेंद्र प्रसाद,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा जिला महामंत्री कृष्ण कुमार सेनानी,धर्म जागरण समन्वय के जिला संयोजक प्रदीप प्रिय,अभाविप के प्रांत एसएफएस प्रमुख महेंद्र प्रताप सिंह, अजित कुमार, विहिप के जिला संयोजक शुभम चौधरी, संतोष झा जेएसएफ के सुबोध मोहन ठाकुर, शिवानी सिंह सुष्मिता ठाकुर कनक लता झा रीना जैन,उमेश राणा, प्रीतम यादव,बुलबुल,संदीप कुमार यात्रा के मीडिया प्रभारी सुकांत आदर्श आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि यह यात्रा 18 अक्टूबर को भागलपुर से प्रारंभ होकर सीमा क्षेत्र के कटिहार पुर्णिया अररिया जिला होते हुए 22 अक्टूबर को किशनगंज में समाप्त होगी। संचालन समिति के सदस्यों ने बताया कि 20 अक्टूबर की संध्या से 21 अक्टूबर के दोपहर तक यह यात्रा अररिया जिला मुख्यालय में रहेगी सदस्यों ने कहा कि यात्रा के भव्य स्वागत और प्रसिद्ध काली मंदिर में हवन पूजन के उपरांत नगर में निकलने वाले पैदल शोभा यात्रा तथा महिला कॉलेज में आयोजित होने वाले सार्वजनिक सभा को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से व्यापक जन संपर्क अभियान हेतु तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। साथ ही सदस्यों ने सभी सनातनियों से यात्रा को सफल बनाने हेतु सक्रिय योगदान देने की अपील की है। मौके पर नीरज झा, आकाश राज, अमन राज, दीपक मंडल, विकास मंडल, आनंद मोहन झा अंकित सिन्हा, सहित हिन्दू स्वाभिमान यात्रा समिति के अनेकों सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

